


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 192/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 10 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



## राष्ट्रपति ने महाकुंभ में डुबकी लगाई

### सूर्य को अर्ध दिया, हनुमान मंदिर का दर्शन किया

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की।



इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां दर्शन-पूजन किया। अब अक्षयवट जाएंगी। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी हैं।

राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया।

राष्ट्रपति शाम चार बजे तक प्रयागराज में रहेंगी। द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

महाकुंभ का आज 29वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज दोपहर 12 बजे तक 83 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

सांध्यप्रकाश विशेष




## मोदी की गारंटी से भगवा दिल्ली

*राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि आप पार्टी के नेताओं ने गरिमामयी व्यक्तिव वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अनर्गल आरोप और मिथ्यापूर्ण कथनों की वजह से दिल्ली की जनता केजरीवाल और संजय सिंह जैसे आप नेताओं से नाराज चल रहा थी, वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी की बातों में तो कोई वजनदारी थी ही नहीं।*

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पद के लिए अमर्यादित शब्दों का उपयोग करना आप पार्टी के लिए नुकसानदायक रहा और उसका परिणाम उनके सामने है, विगत वर्षों में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को उच्चतम स्तर पर लाकर देश की 140 करोड़ जनता को प्रभावित किया है। साथ ही साथ भारत देश को विश्व के राजनीतिक और व्यापारिक पटल पर भी उच्च स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है।*

*भारत में राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्रों में विकास तभी हो सकता है जब इनका समन्वय केन्द्र की सरकार के साथ अच्छा एवं सकारात्मक हो जबकि दिल्ली सरकार ने केन्द्र के साथ असहयोगात्मक रवाया अपनाया और ऊपर से केन्द्र सरकार के खिफाल अनर्गल एवं झूठे आरोप लगाते रहे। दिल्ली में आप सरकार ने 15 सालों में ना सड़कें बनाई ना पुल बनाए, जल व्यवस्था में हमेशा यमूना नदी में जल बंटवारे को लेकर अन्य राज्यों पर अपनी जिम्मेदारी थौंपते रहे। कभी भी उन्होंने यमुना नदी की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जिससे 15 सालों में यमुना नदी पूरी तरह दूषित हो गई। यहां तक की दिल्ली में सांस लेना भी दुलर्भ हो गया। दिल्ली की हवा इतनी प्रदुर्षित हो गई की देश की राजधानी का जो सम्मान अंतरराष्टीय स्तर पर पर्यावरण के मामले में घटा है, विदेशी लोगों में भी दिल्ली के पर्यावरण को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।*

*आप पार्टी ने मुफ्त की सुविधाएं देकर देश के अन्य राज्यों को भी राजस्व की हानि पहुंचाई है। आप पार्टी के कारण ही दिल्ली की तर्ज पर अन्य राज्यों को भी मुफ्त की योजनाओं को शुरु करना पड़ा। जिससे बड़े राजस्व की हानि अन्य राज्यों को हुई।*

*देश में अधिकारी वर्ग जो कि देश की बड़ी-बड़ी स्वायत्त संस्था जैसे ईडी, सीबीआई, लोकायुक्त, इंकम टैक्स जैसी संस्थाओं में पदस्थ है ने आप पार्टी के मुख्यमंत्री केजरीवाल,कई मंत्री तथा कई विधायकों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए है, चाहे वह दिल्ली का शराब घोटाला हो या फिर शीशमहल में अनाप-शनाप खर्च करने का। अधिकारी वर्ग किसी भी बड़े नेता के खिलाफ लम्बी गोपनीय जांचे एवं काफी पड़ताल के बाद ही कार्रवाई जैसे कदम उठाता है*

*भारतीय जनता पार्टी 25 सालों से अधिक समय के संघर्ष के बाद दिल्ली में भगवा फहरा सकी है, दिल्ली के लिए भाजपा ने दो साल पहले ही चुनाव की तैयारी शुरु कर दी थी तथा इस चुनाव में कितनी कड़ी मेहनत की एवं कई प्रकार के सर्वे कराएं और पूरी पार्टी ने दिल्ली में जीत के लिए पूरी ताकत झोक दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व इस बार जिन उम्मीदवारों को पार्टी की टिकट दी फिर उनको जिताने में भी भरपूर सहयोग किया। भाजपा ने दिल्ली के चुनाव में राष्टीय स्वयं सेवक संघ के साथ एक अति उत्तम समन्वय का उदाहरण पेश किया है। रष्टीय स्वयं सेवक संघ ने भाजपा के साथ घर-घर प्रचार कर लगभग 3 दशक के बाद भाजपा को सत्ता में वापसी कराने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, भगवा दिल्ली के लिए 50 हजार कमरा बैठकें आयोजित कर स्वयं सेवकों एवं भाजपा नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की तरफ आकर्षित किया। जिस प्रकार हरियाणा और महाराष्ट चुनाव में एग्जिट पोल में भाजपा को बढ़त के लिए संघ एवं भाजपा ने प्रचार का जिम्मा संभाला था, परिणामतः दोनों राज्यों में भाजपा को बम्फर जीत मिली। हरियाणा और महाराष्ट्र के घर-घर जाने के फार्मूले को दिल्ली में भी अपनाकर मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरएसएस एक सामाजिक संगठन है, जो आमतौर पर सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए रखता है, लेकिन संघ अक्सर भाजपा के पक्ष में पर्दे के पीछे प्रचार करता है खासतौर पर भीतरी इलाकों में हिन्दुत्व एवं राष्ट्रवाद के अपने मूल संदेश को जनता तक पहुंचाता है। दिल्ली में संघ ने चुनाव की घोषणा होने से बहुत पहले ही अपना चुनावी अभियान शुरु कर दिया था। दिल्ली में संगठन का काम 8 विभागों (जोन) में बंटा है। जो 30 जिलों एवं 173 नगरों (छोटे यूनिट) को मदद करता है, चुनाव की घोषणा के पहले हर एक जोन को इलाकों, आफिस, संस्थानों, शापिंग सेंटर, स्कूलों-कालेजों और दूसरे इलाकों में छोटे-छोटे ग्रुपों में बैठकें लेने को कहा गया था। अग्रिम संगटन में काम करने वाले स्वयं सेवकों एवं भाजपा नेताओं के साथ कम से कम 60 हजार बैठकें आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन दिल्ली मुख्यालय के लोगों को राजधानी में सक्रिय रहने के लिए कहा गया था, जिससे आठों विभागों की तरफ से रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली वोटरों को जागरुक करने के लिए करीब 50 हजार ड्राइंग बैठकें आयोजित की गई।*

*रिपोर्ट के अनुसार स्वयं सेवकों एवं भाजपा नेताओं ने दो हजार ड्राइंग रुम बैठकें और भारतीय मजदर संघ, सेवाभारती, विश्वहिन्दू परिषद, अखिल भारतीय शिक्षक संघ, और हिन्दू जागरण मंच तथा दूसरे अनुशागिक संगठनों की 4550 बैठकें भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए आयोजित की गई। इन ड्राइंग रूम बैठकों में लगभग 53 हजार प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी, बैठकों में 4 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए, दिल्ली में भाजपा की जीत का पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी के चेहरे और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को जाता है।*

*चूंकि अन्य राज्यों की तर्ज पर भाजपा ने दिल्ली में भी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर ही चुनाव लड़ा गया था इसलिए भाजपा की दिल्ली फतह का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही जाता है।*

*- भरत पटेल*

परीक्षा पे चर्चा-पीएम ने फोकस के लिए दिया क्रिकेट मंत्र

# सिर्फ बॉल पर फोकस करें, शोर पर नहीं अभिभावक पढ़ाई का प्रेशर न डालें

**नई दिल्ली। परीक्षा पे चर्चा के आठवें एडिशन में नरेंद्र मोदी ने 10वीं ओर 12वीं के स्टूडेंट्स से बोर्ड एग्जाम्स को लेकर बातचीत की। पीएम ने स्टूडेंट्स से कहा- सबसे पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब-कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है।**

**पेरेंट्स-टीचर्स बच्चों की भावनाओं को समझें-** परिवार बच्चों को प्रेशर देता है। बच्चे को आर्टिस्ट बनना है तो कहते हैं कि इंजीनियर बनो। माता-पिता आप अपने बच्चों की इच्छाओं को समझिए, क्षमताओं को समझिए। मदद कीजिए। हमें सोचना चाहिए कि परीक्षा जरूरी है या जीवन। टीचर्स दूसरे बच्चों से तुलना न करें। कुछ कहना है तो अलग से कहें।

**टारगेट ऐसा बनाएं जो पहुंच में हो, पकड़ में नहीं-** ज्यादातर लोग खुद



से स्पर्धा नहीं करते, दूसरे से करते हैं। जो खुद से स्पर्धा करता है, उसका विश्वास कभी टूटता नहीं। टारगेट हमेशा ऐसा हो, जो पहुंच में हो, लेकिन पकड़ में न हो। 95त्न मार्क्?स लाने का टारगेट था और 93त्न आए तो आप सफल हैं।

**बॉडी पर कंट्रोल सीखने के लिए प्राणायाम करें-** झरने की आवाज सुनिए। आपको आवाज सुनाई दे रही है। आप लोगों को मेडिटेशन करना चाहिए। आपके मन में क्या चल रहा है, उसे भी सोचिए। अगर ऐसा कर रहे हैं तो आपका ध्यान केंद्रित हो रहा है। परेशानी, चिंता से निकलने के लिए प्राणायाम कीजिए। आपको आपकी बॉडी पर कंट्रोल होगा।

## भोपाल में स्टूडेंट्स ने देखा लाइव प्रसारण

राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस बीच स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल और अन्य अधिकारी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

प्रदेशभर में इस कार्यक्रम को अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। स्कूलों में टीवी के अलावा कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल डिवाइस पर भी इसे देखा जा सकेगा।

### स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- सिर्फ परीक्षा के नंबर महत्वपूर्ण नहीं

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप बोले, अकेला एक्जाम महत्वपूर्ण है, यह उचित नहीं है। इस बात को प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा में प्रतिपादित किया है। परीक्षा का परिणाम ही आपके जीवन में सब कुछ नहीं होता। मैं आज सामाजिक जीवन में सफलता से काम कर पा रहा हूं, तो इसमें मेरे परीक्षा के नंबरों का योगदान नहीं है। यह मेरे जीवन के अनुभव, माता-पिता से मिले उद्देश्य, शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान और पढ़ाई का भी योगदान है, लेकिन सिर्फ पढ़ाई का नहीं।

### मैं अपने दोस्त ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक; फ्रांस-अमेरिका की यात्रा से पहले बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए हैं। फ्रांस में वे ढ्ढ एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। वे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली अमेरिका यात्रा को पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर करार दिया। पीएम मोदी ने फ्रांस रवाना होने से पहले कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और ऊपर उठाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रुपये की राशि की अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए अंतरित हुई। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राहियों, किसानों के खातों में राशि अंतरित की।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी ली। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित की और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये अंतरित करते हुए किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास हुए।

# महाकुंभ में उमड़ी भारी भीड़, सड़कों पर जाम की स्थिति, संगम स्टेशन 14 फरवरी तक रहेगा बंद

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती हुई भीड़ के चलते संगम स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। रविवार दोपहर तक जब संगम स्टेशन पर भीड़ की स्थिति गंभीर हो गई, तो यह निर्णय लिया गया कि स्टेशन से यात्रियों को बाहर नहीं निकाला जा सकता।

**संगम स्टेशन 14 फरवरी तक रहेगा बंद-** संगम स्टेशन पर भीड़ की स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि नागवासुकी मार्ग पर जाम लग गया और सड़कें पूरी तरह से भर गई थीं। पुराने पुल के नीचे लोग आपस में टकराने लगे थे, जिसके कारण स्टेशन को बंद करने का फैसला लिया गया। जिन यात्रियों ने पहले से



यहां पहुंचने का प्रयास किया था, उन्हें प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग स्टेशन या फाफामऊ स्टेशन पर भेजा जाएगा।

रविवार दोपहर 1:30 बजे संगम स्टेशन को बंद किया गया, और इस फैसले के बाद अफवाहें फैलने लगीं कि प्रयागराज जंक्शन भी बंद कर दिया गया है। हालांकि, प्रशासन ने स्पीकर्स के माध्यम से निरंतर सूचनाएं दीं, जिससे अफरातफरी की स्थिति नहीं बनी।

### श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक

महाकुंभ के दौरान इस बार श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। द्वादशी तिथि और चंद्रमा के शुभ संयोग के कारण संगम तट पर स्नान करने के लिए अधिक लोग पहुंचे। रविवार तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोग गंगा में स्नान करने आए। महाकुंभ में अब तक कुल 43.57 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, और अनुमान है कि यह संख्या 55 करोड़ तक पहुंच सकती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पीपा पुलों को बंद कर दिया गया। शनिवार को 1.22 करोड़ और रविवार को 1.57 करोड़ लोग पहुंचे। सुबह 3 बजे से शुरू हुआ स्नान पूरे दिन तक चलता रहा, और प्रमुख मार्गों पर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। प्रशासन और पुलिस को श्रद्धालुओं को घाट पर बैठने से रोकने और उन्हें जल्द अपने गंतव्य की ओर भेजने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

## अमेरिकी जेट इंजन की निर्बाध सप्लाई, भारत के आकाश में जल्द उड़ेंगे देसी लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारत को उम्मीद है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में जीई इंजन से संचालित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान की स्थिर डिलीवरी होगी, जिसमें लगभग



12 महीने की देरी हुई थी, एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने रविवार को कहा। भारत के सरकारी विमान निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (॥रु) के पास अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में 16 से 24 विमानों को सौंपने की क्षमता होगी, बशर्ते जीई के एयरोस्पेस डिवीजन द्वारा बनाए गए इंजन की स्थिर डिलीवरी मिले, अधिकारी ने कहा।

## एक जिला, एक उत्पाद: मेहमानों के लिए सजेंगे भोपाल की जरी जरदोजी से चंदेरी साड़ी तक 52 जिलों के प्रोडक्ट

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में मेहमानों को पूरा मप्र दर्शन कराने की तैयारी है। इसके लिए एक जिला, एक उत्पाद ग्राम बनाया जा रहा है। इस गांव में मप्र के 52 जिलों के उत्पाद होंगे। हालांकि, काउंटर 38 बनाए गए हैं, क्योंकि कई जिलों के प्रोडक्ट एक ही हैं। इसमें भोपाल का जरी जरदोजी और जूट प्रोडक्ट का लाइव काउंटर भी होगा।




ये काउंटर मानव संग्रहालय परिसर में बनी झोपड़ियों में लगाए जाएंगे, ताकि देशी-विदेशी मेहमानों को प्रदर्शनी में गांव की झलक भी नजर आए। इसका मकसद मप्र के हर जिले की विशिष्ट कला और कौशल को एक छत के नीचे लाकर पारंपरिक शिल्प को आधुनिक बाजार से जोड़कर नई पहचान देना है।

प्रदर्शनी में हर जिले के प्रोडक्ट से जुड़ी दीवार भी बनाई है। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की यात्रा दिखाई गई है। एमपीआईडीसी के अफसरों का कहना है कि यह एक जीवंत कहानी है, जो बताती है कि कैसे कच्चा माल कुशल हाथों में पहुंचकर कला का रुप लेता है।

## कल से शुरु होगा एयरो इंडिया शो

### रूस के सुखोई-57 और अमेरिकी F-35 भी होंगे हिस्सा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन में सोमवार से शुरू हो रहे एयरो इंडिया में पहली बार रूस का सुखोई-57 फाइटर एयरक्राफ्ट भी शामिल हो रहा है। ऐसा पहली बार है जब दो देश अपने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर एयरक्राफ्ट लाए हैं। रूस के सुखोई-57 के साथ ही अमेरिका का



स्न-35 भी एयरो इंडिया में शामिल हो रहा है। 5 दिनों तक चलने वाले एयरो इंडिया में स्ह्व-57 और स्न-35 बैंगलुरू के आसमान में फ्लाई पास्ट करेंगे। इस एयरो शो के लिए ही सुखोई-57 पहली बार भारत आया है।

# शिवराज सिंह के दोनों बेटों की शादी का जैत में भव्य भोज, 50 हजार लोग शामिल हुए!



**सीहोर/भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के दोनों बेटों कार्तिकेय सिंह चौहान और कुणाल चौहान के शादी समारोह की उनके गृह ग्राम जैत में भारी धूम रही। दोनों की शादियें अलग-अलग तारीखों में हैं। लेकिन, इन शादियों का एक बड़ा आयोजन गृह ग्राम जैत में हुआ। कार्तिकेय की शादी 6 मार्च और छोटे बेटे कुणाल की शादी 14 फरवरी को है। इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने अपनी पत्नी साधना सिंह और दोनों बेटों के साथ शनिवार को सलकनपुर पहुंचकर मां बिजासन के दर्शन किए। इसके बाद जैत में करीब 50 हजार लोगों के भोज का भव्य आयोजन हुआ।

इस आयोजन के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। 2 हजार से अधिक वालेंटियर भी व्यवस्थाओं में जुटे। शिवराज सिंह, साधना सिंह, कार्तिकेय सिंह चौहान सहित पूरा चौहान परिवार आयोजन



में आए मेहमानों का स्वागत और सत्कार किया। आयोजन के दौरान शिवराज सिंह चौहान और साधना सिंह ने मंच से गीत भी गाया। समारोह में आने वाले मेहमानों के लिए संगीत की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने 'ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों' गीत गाकर समां बांध दिया। साधना सिंह ने 'चंदा है तू मेरा सूरज है तू' गीत गाया।




छोटे बेटे कुणाल 14 फरवरी को शादी के बंधन में बंधेंगे। उससे पहले उनके घर में शादी की रस्में चल रही हैं। साधना सिंह महिलाओं के साथ में खल मिट्टी सहित अन्य रस्में पूरी करने में जुटी हैं। इन रस्मों का उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो भी शेयर किया। कुणाल वैलेंटाइन डे (14 फरवरी) को भोपाल में होगी। कुणाल का रिश्ता जाने -माने डॉ इंद्रमल जैन की पोती रिद्धि जैन से सगाई हुई है। कुणाल और रिद्धि एक साथ पढ़े हैं। कहा जा रहा कि यह दोनों की लव मैरिज है। बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी 5-6 मार्च को उदयपुर में अमानत बंसल से होगी। अमानत लिबर्टी शूज कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुपम बंसल की बेटी हैं। उदयपुर में शादी के बाद 12 मार्च को भोपाल में रिसेप्शन होगा। करीब चार महीने पहले अमानत और कार्तिकेय की दिल्ली में सगाई हुई थी। कार्तिकेय और कुणाल की शादियां तो अलग-अलग तारीखों में हैं। लेकिन उनकी शादी का उनके गृह ग्राम जैत में भव्य आयोजन एक साथ किया गया। इसके लिए बुधनी विधानसभा के नेताओं, कार्यकर्ताओं को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्षों, नगर परिषदों के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को शादी में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई।







## कुंभ से लौटने पर गुफा मंदिर धाम के महामंडलेश्वर श्रीमहंत हुआ का भव्य स्वागत



**भोपाल।** गुफा मन्दिर के महंत गुरु श्रीस्वामी रामप्रवेश देवाचार्य महाराज श्री राम कबीर द्वाराचार्य निर्गुण दरबार मंडावर राजस्थान महाकुंभ तीर्थराज प्रयाग से लौटने पर पुष्प वर्षा एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत वंदन अभिनंदन,गुरु पूजन किया। पं लेखराज शर्मा ने बताया समय दोपहर 2 बजे भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन पर एवं गुफ़ा मंदिर पहुंचने पर गुफा मंदिर के सभी आचार्य छात्र एवं भक्तों ने महंत जी पाल प्रछालन कर गुरु वंदना की तथा महंत जी ने कहा की यह महाकुंभ प्रयागराज का 144 वर्षों बाद दिव्य योग लेकर आया था जिसमें देश , दुनिया के समस्त संतों का समागम सत्संग और यज्ञ, अनुष्ठान हुए सभी संतो ने विश्व के कल्याण की कामना की और गौ हत्या बंद हो इसके लिए प्रार्थना की। श्री महंत के स्वागत में भोपाल महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निशा अजय सक्सेना, डॉ रमेश माधव, हिमांशु राय, गिरीश पालीवाल, विनय पांडेय , पं भंवरलाल शर्मा, कृष्ण कुमार दुवे, रवि पटैरिया सोनू शर्मा, संदीप दुवे आदी सम्मिलित हुए।

### बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# कठिन परीश्रम के बिना विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता: सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** प्रबुद्ध नागरिक मंच द्वारा सत्र 2023-24 की बोर्ड की परीक्षाओं में संत नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिद्ध भाऊ, प्रबुद्ध नागरिक मंच के अध्यक्ष केवल टहिलयानी, सचिव बसंत चेलानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, शिक्षाविद् विष्णु गेहानी द्वारा माँ सरस्वती एवं संत हिरदाराम सहिब की प्रतिमा पर दीपप्रज्जवलन एव माल्यार्पण कर किया गया।

सिद्ध भाऊ ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्या वो घन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता लेकिन यह भी सत्य है कि अपने कठिन परिश्रम के बिना विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता और कठिन परिश्रम वही करता है जिसकों अपने माता पिता एवं गुरूजनों की कुर्बानियों की कद्र हो। संसार में गरीबी बहुत है इसे केवल पढ़ाई रूपी बाण से ही कम किया जा सकता है उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम एवं वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपती मुर्म का उदाहरण देते हुए कहा कि ये भी बहुत गरीब थे लेकिन पढ़ाई के माध्यम से ही ये उच्च पदों पर पहुँच पाएं। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि हमेषा जीवन में कुछ देना चाहिए बटोरना नहीं चाहिए क्योंकि देखा गया है कि बांटने वाला कभी खाली हाथ नहीं गया बटोरने वाले खाली हाथ इस दुनिया से जाते है ऐसा कोई भी इंसान नहीं है जिसको भगवान ने प्रतिभा, ज्ञान एवं हुनर नहीं दिया है सबकों दिया है बस आवश्यकता है उसको बाँटने की जिसको हमें हमेशा बाँटना चाहिए।

## बद्रीनारायण मंदिर में आज शाम उत्तराखंड के कलाकारों की शानदार प्रस्तुति



**भोपाल।** गढ़वाली समाज ट्रस्ट भोपाल के अध्यक्ष विजय सिह नेगी ने बताया कि 10 फरवरी 2025 को बद्रीनारायण मंदिर भोपाल मे प्राण प्रतिष्ठा दिवस बडे धूमधाम से मनाया जायेगा सुबह 8बजे से भगवान बद्रीनारायण जी का अभिषेक हबन धूप होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण पश्चिम विधायक भगबानदास सबनानी,अतिथि बृजुला सचान जौन अध्यक्ष 7 तथा पार्षद बार्ड 31,विशेष अतिथि आई पी एस गृह मंत्रालय भारत सरकार शची घिडियाल,आई पी एस तनवी सुदरीयाल एम डी वित्त विभाग तथा 8 गणमान्य समाज उत्तराखंड के सज्जन प्रमुखता से होगे *सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड के प्रसिद्ध कलाकार 6 बजे से हेमा नेगी, सौरभ मैठाणी सुभाष पाण्डे उत्तराखंड लोकगीत,जागर की प्रस्तुति देगे ।समाज के विशेष आमंत्रित सम्मानित सदस्यो का समाज स्वागत सम्मान करेगा कार्यक्रम समापन के वाद विशाल भण्डारा होगा गढवाली समाज ट्रस्ट भोपाल मध्यप्रदेश के बद्रीनारायण मंदिर प्रांगण प्रतिष्ठा दिवस मे उत्तराखंड की संस्कृति मे लोकगीतो की गायिका हेमा नेगी करासी का राजाभोज विमान तल पर समाज के अध्यक्ष विजयसिह नेगी के नेत्रत्व मे भव्य स्वागत किया गया उनके साथ समाज के प्रमुख पदाधिकारी श्री संतोष नेगी,विवेक नेगी,विकास नेगी,अनूज नेगी राजेन्द्रसिह नेगी,श्रीमती सुमन सजबाण, दीपिका नेगी, सपना सजबाण, शर्मिला नेगी सुमन लाहरपुरा,सुमन ममगाई,राधा प्रेरणा नेगी रावत,विमला रावत, ,तुलसी बेलवाल शामिल थी ।

### संत रविदास जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन

**भोपाल।** संत रविदास महाराज 648वें जन्मोत्सव के अवसर पर समग्र अहिरवार समाज संगठन मध्य प्रदेश दो दिवसीय आयोजन करने जा रहा है। 11 फरवरी संत रविदास महाराज की नवीन मूर्ति का अनावरण संत रविदास महाराज की जयंती अफसर 12 फरवरी पंचशील नगर वार्ड क्रमांक 47 संत रविदास मदिर से सुबह 10 बजे भव्य चल समारोह प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए 12 बजे पुन: पंचशील नगर मंदिर सन्त रविदास पर पहुँचेगा इसके पश्चात भव्य भंडारा आयोजन दोपहर ।12:00 से लेकर 3 बजे तक रहेगा नवीन प्रतिमा प्रतिमा गोविंद कहारे प्रदेशाध्यक्ष समग्र अहिरवार समाज संगठन द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला नेत्री गीता गन्नोते, सौरभ मंडराइ, मुकेश कहारे, मनोज दिलारे, राजेश जकड़्या मीराबाई, विमला ठाकरे, कमलेश अहिरवार, संतोष डोयरे, आदि समाज के वरिष्ठजन उपस्थित होंगे।

## दिल्ली में मिली जीत पर भाजपा मण्डल ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**संत हिरदाराम नगर।** भारतीय जनता पार्टी संत नगर मंडल द्वारा दिल्ली की ऐतिहासिक जीत को लेकर आतिशबाज़ी कर मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। इस चुनाव में दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और गरीब कल्याण की नीतियों पर मुहर लगाई है। मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने बताया की दिल्ली के दिल वालों ने दिल जीत लिया। दिल्ली में अब विकास के पथ पर डबल इंजन की सरकार चलेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, रमेश जनयानी, माखन सिंह राजपूत, चंद्रप्रकाश इसरानी, बसंत चेलानी, किशन अच्छानी, कमल विधानी, शेटी चंदनानी, जगदीश आसवानी, सुमित आहूजा, शिव मिश्रा, किशोर साधवानी, गुड्डु मेहरा सहित कई उपस्थित थे।



### गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने रविवार को 170 प्रकरणों में 24 हजार 450 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। नगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने रविवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राशि वसूल की।

## मातृछाया में बसंतोत्सव और कर्णछेदन कार्यक्रम हुआ

**भोपाल।** मातृछाया में बसंतोत्सव और कर्णछेदन कार्यकम में दीप प्रज्जवलन विमल त्यागी प्रांतीय सचिव सेवा भारती मध्य भारत, करण सिंह कौशिक, शालिनी, शैल मालवीय, मालती साहू और आभा पाण्डेय ने किया तत्पश्चात सरस्वती वंदना और पूजा हुई जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाये गठबंधन के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि मातृछाया के 6 बच्चियों का कर्णछेदन डॉ शालिनी अग्निहोत्री जी ने किया। सुभाष मण्डल की भजन मण्डली समूह ने बधाई गीत गाये। इस अवसर पर बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विमल कुमार त्यागी, डॉ दिनेष शर्मा, रीमा सिंह, मीरा कांटेवाला, पायल सेठ, सुधांषु



मिश्रा, प्रीति साहू सीमा निगोस्कर, विद्या सुरंगे आदि उपस्थित रहे।

### 20वां सुंदरकांड पाठ संपन्न

**भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित श्री परशुराम मंदिर में छींद वाले हनुमान जी का विशेष दरबार आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को होने वाली इस श्रृंखला का 20वां सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ। श्री सुंदरकांड पारिवारिक मंडल की इस विशेष परंपरा में सुंदरकांड पाठ के बाद जनवरी माह में जन्मदिन या विवाह की वर्षगांठ मनाने वाले सनातन प्रेमियों का विशेष सम्मान किया गया।

## पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक, प्रदेशभर से आए पदाधिकारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मप्र के एडवोकेट जनरल को तत्काल हटाने की मांग शासन से करते हुए कहा कि क्योंकि इनके कारण अनावश्यक रूप से पिछड़ा वर्ग आरक्षण का केस सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर हुआ है। मोर्चा की बड़ी बैठक संस्था संयोजक श्री भुवनेश पटेल की अध्यक्षता में रविवार को भोपाल में हुई। इस बैठक में पिछड़ा वर्ग की विभिन्न जाति संगठनों के पांच दर्जन अध्यक्षों,पदाधिकारियों सहित अपाक्स पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में पिछड़ा वर्ग के वकील रामेश्वर ठाकुर ने पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के मामले की कानूनी स्थिति से उपस्थितजनों को अवगत कराया। इस मौके पर सर्व सम्मति से पांच मांगों का एक प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक में मोर्चा की ओर से सासन को एक मांग पत्र सौंपने का भी निर्णय हुआ। बैठक



में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किसी भी प्रकार से पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। महाधिवक्ता के अभिमत से 87/13 का फार्मूला बनाकर भर्ती नियम लागू कराया गया, जिसके कारण लाखों अभ्यर्थी प्रभावित हुए और सरकारी नौकरी से वंचित हो गए। इस कारण ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के आधार पर होल्ड की गई तमाम सरकारी पदों की भर्तियों को तुरंत बहाल करने की मांग की गई। इसके साथ ही शासन से मांग की गई कि 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर किसी योग्य, अनुभवी, विधि जानकार को सरकार पिछड़ा वर्ग का पक्ष रखने के लिए अधिकृत करें। वहीं बैठक में यह भी मांग की गई कि तमाम मंत्रियों की निजी पद स्थापना में पिछड़े वर्ग को प्रथम या द्वित्तीय श्रेणी अफसर के रूप में सेवाएं ली जाए। शासकीय अधिवक्ताओं के रूप में सभी वर्गों के वकीलों को समान रूप से प्रतिनिधित्व मिले। बैठक में विभा पटेल समेत भुवनेश पटेल, संरक्षक अपाक्स, बहादुर सिंह लोधी, सीएस यादव (पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा, एडवोकेट तुलसीराम पटेल अ.भा.ओबीसी महासभा, विजय कुमार, कमलेंद्र सिंह ओबीसी महासभा, राजकुमार राजपूत यूनाइटेड फ्रंट ऑफ इंडिया सुनील जायसवाल ओबीसी महासंघ, जीपी माली , प्रकाश मालवीय पिकप, प्रकाश धाकड़ सामाजिक न्याय परिषद केपी कूर्मवंशी, ओबीसी कर्मचारी अधिकारी संगठन, अनोखी पटेल कुर्मी समाज, राजेंद्र यादव, राम स्वरूप यादव यादव समाज आदि मौजूद रहे।

युवा उद्यमियों का होगा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक और नवाचारों से परिचय

# जीआईएस देगा मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यावद ने कहा है कि देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकाँक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों को अपने आईडियाज़ को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आगामी 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कई मायनों में खास होगी। समिट में कई देशों के उद्यमी एवं निवेशक शामिल होंगे। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान देंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। हम प्रदेश में स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए वित्तीय सहायता, सशक्त नीतिगत ढांचा और आधुनिक बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान कर रहे हैं और इस दिशा में हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश के युवा उद्यमी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 'एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्प्लीमेंटेशन स्कीम लागू है, जिसके तहत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचा सहयोग और नीति समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है। नई स्टार्टअप नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता (अधिकतम 18 लाख रूपये तक) दी जाती है। यह सहायता स्टार्ट-अप के विकास के प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतम 4 चरणों तक सहायता मिल सकती है। इस नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को वित्तीय प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा सहयोग और



क्षमता निर्माण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा, स्टार्ट-अप्स को सरकारी निविदाओं में अनुभव और टर्न ओवर की शर्तों में छूट दी गई है और उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट से भी मुक्त रखा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्ट-अप्स को अनिवार्य लाइसेंस एवं परमिट शुल्क से छूट प्रदान कर रही है और दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पास भरपूर बिजली, पानी, और प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे निवेशकों के लिए एक आईडियल डेस्टिनेशन बनाते हैं। मध्यप्रदेश देश के प्रमुख औद्योगिक गलियारों से जुड़ा हुआ है, जिससे यहां से उत्पादों का सुगम और कम लागत में परिवहन संभव है। यह रणनीतिक बढ़त उन कंपनियों के लिए लाभदायक होगी, जो अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मध्यप्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद हैं। प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक की जनसंख्या के साथ, यह प्रतिभाओं का एक विशाल केंद्र है, जहां 1,287 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, 1,373 सरकारी एवं निजी कॉलेजों और आईआईटी-आईआईएम जैसे शीर्ष शिक्षण संस्थानों से हर साल हजारों स्नातक पास आउट होते हैं। प्रदेश सरकार स्कूल और कॉलेजों के छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित कर रही है। युवाओं को प्रारंभिक स्तर पर ही सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध होने पर वे अपने स्टार्ट-अप्स को सफलतापूर्वक स्थापित कर सकेंगे।प्रदेश सरकार की स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज प्रदेश में 4,900 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स कार्यरत हैं। आईटी, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और सोलर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष औद्योगिक पार्क विकसित किए गए हैं, जो स्टार्ट-अप्स के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्टार्ट-अप इंडिया के तहत पंजीकृत स्टार्ट-अप्स की संख्या को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को 200 प्रतिशत तक बढ़ावा देना है।

## जाम में फंसे श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में सम्मिलित होने जा रहे बड़ी संख्या में प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुओं का चाक घाट रीवा से लेकर जबलपुर-कटनी-सिवनी जिले तक यातायात प्रभावित होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है, वाहनों में ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं। यह क्षेत्र अंतर्गत सभी जिला प्रशासन से लेकर नगरीय निकायों के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया है कि तुरन्त श्रद्धालुओं सहित सभी प्रभावित लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं जैसे भोजन, पानी, ठहरने की समुचित व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का इंतजाम किया जाए। मेरा सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध है कि आप भी सुगम आवागमन व्यवस्था बनाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें, साथ ही इस क्षेत्र अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधि भी प्रशासन के साथ व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## भाजपा संगठन ने जिला और मंडल स्तर के लिए गाइड लाइन तय की, कार्यकारिणी में 40 प्रतिशत नए सदस्य अनिवार्य

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भाजपा के सभी 62 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा के बाद अब प्रदेश संगठन ने कार्यकारिणी बनाने के लिए गाइड लाइन जारी की। नई गाइड लाइन में स्पष्ट लिखा है कि नए लोगों को मौका देना है। लेकिन, अगर पुराने लोगों का कामकाज सही है तो उन्हें फिर से मौका दिया जा सकता है। जिले की कार्यकारिणी में 4 पद ऐसे हैं, जहां अगर आवश्यक हो, तो बदलाव किया जाए। वहीं महिलाओं और अजा-अजजा वर्ग को भी संविधान के अनुसार प्रतिनिधित्व देने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे प्रदेश में भाजपा के 1 करोड़ 60 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य और 94 हजार 362 सक्रिय सदस्य हैं। सदस्यता का अभियान संगठन पर्व के पहले चरण में चलाया गया था। इसके बाद संगठन पर्व का दूसरा चरण शुरू हुआ और 64 हजार 569 बूथ अध्यक्षों सहित 7 लाख 23 हजार 27 सदस्यों की बूथ समितियां बनाई गई। इसके बाद 1313 मंडलों में से 1101 मंडल अध्यक्ष चुन लिए गए हैं और संगठन की दृष्टि से बनाए गए सभी 62 जिलों में नगर अध्यक्ष भी चुन लिए गए। इसके बाद अब प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके साथ-साथ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मंडल, जिला और मोर्चा की कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी कवायद शुरू करने को कहा है, जिसकी गाइड लाइन जारी कर दी गई है। गाइड लाइन में कहा गया है कि सभी स्तरों पर अनिवार्य रूप से 40त्न पदाधिकारी नए नियुक्त करना हैं। यानी 60त्न पदाधिकारी पुराने पदाधिकारियों में से लिए जा सकते हैं। वहीं अजा, अजजा और महिलाओं को भी कार्यकारिणी में संविधान में दिए गए प्रतिशत के आधार पर प्रतिनिधित्व देना है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य तथा विशेष आमंत्रित सदस्य और प्रवक्ताओं की नियुक्ति में ऐसे कार्यकर्ताओं को नहीं लेना है, जिनकी पार्टी में कोई भूमिका नहीं रही हो और न ही वे किसी गतिविधि में सक्रिय हों। इसके साथ ही मोर्चा की नियुक्ति के लिए भी कवायद की जाए।

**पदों की संख्या निर्धारित की गई:** मंडल समिति में अध्यक्ष के साथ-साथ 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष रहेगा। वहीं कार्यकारिणी में 5 महिलाएं अनिवार्य रूप से रखना होंगी और 6 अजा तथा अजजा के सदस्य होंगे। जिला समिति में अध्यक्ष के साथ 8 उपाध्यक्ष होंगे तो हमेशा की तरह 3 महामंत्री होंगे। 8 मंत्रियों के साथ 1 कोषाध्यक्ष का पद भी रहेगा। वहीं 20 लोगों की कार्यकारिणी में 7 महिलाएं और 2 अजा तथा अजजा वर्ग के लोगों को शामिल करना अनिवार्य रहेगा। मोर्चा में भी मंडल अध्यक्ष के साथ 3 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 3 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष तो जिला स्तर पर 5 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 5 मंत्री और 1 कोषाध्यक्ष रहेगा। वहीं मंडल में 21 तो जिले में 30 कार्यसमिति सदस्य बनाए जा सकेंगे। संगठन ने इस बार नए दिशा-निर्देश में यह भी कहा है कि कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष, आईटी सेल और सोशल मीडिया तथा मीडिया संयोजक का पद निरंतर रखा जा सकता है, अगर वे सक्रिय हों।

## केंद्रीय मंत्री का एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

**भोपाल।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले पहुंचे भोपाल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता और पदाधिकारी के द्वारा राजा भोज विमानतल पर उनका जोरदार स्वागत किया गया यह जानकारी मीडिया को धीरेंद्र सिंह बघेल ने दी उन्होंने बताया कि पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए इस मुद्दों पर भी विशेष चर्चा की जाएगी भोपाल में ऐतिहासिक स्वागत किया कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।



## शिक्षक भर्ती: सात साल बाद भी काउंसलिंग अटकी, ढाई लाख अभ्यर्थियों का सपना अधूरा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में साल 2018 में शिक्षक भर्ती के लिए 17 हजार से अधिक पदों का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इसमें करीब 2.80 लाख अभ्यर्थी पात्र घोषित किए गए। हालांकि, आज तक तीसरी काउंसलिंग नहीं हो सकी है। पहली काउंसलिंग अक्टूबर 2021 में हुई थी, जिसमें 8 हजार 470 शिक्षकों को नियुक्ति दी गई। 6 हजार 530 अभ्यर्थी चयनित होने के बावजूद बिना नियुक्ति रह गए। दूसरी बार दिसंबर 2022 में 2 हजार 750 पदों का रोस्टर जारी हुआ, लेकिन फिर भी 1250 पद खाली रह गए हैं।

**अधिक उम्र के कारण मुश्किल में अभ्यर्थी:** लंबे इंतजार के कारण कई उम्मीदवार अब ओवरएज हो चुके हैं। ऐसे में वे दूसरी भर्तियों में आवेदन नहीं कर सकते। शिक्षक संगठन के अध्यक्ष रविदास श्यामलाल ने बताया कि लगभग सवा लाख पात्र अभ्यर्थियों को अब भी मौका मिल सकता है।

**सरकारी जवाबदेही:** स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान स्थिति पर विचार के लिए बैठक की जाएगी। दस्तावेजों की समीक्षा के बाद ही आगे की प्रक्रिया तय होगी।

## उप मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति बस्ती में 2.38 करोड़ की सीसी रोड का किया भूमिपूजन




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक चार चोरहटा में अनुसूचित जाति बस्ती खोखम में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा कायाकल्प योजना से बनाई जा रही इस रोड की लागत दो करोड़ 38 लाख 87 हजार रुपए है। इसकी कुल लंबाई 3590 मीटर है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं खोखम बस्ती वालों को दो करोड़ 38 लाख रुपए की सड़क की सौगात देने आया हूं। इस बस्ती में 6 माह में चार मीटर चौड़ाई की सीसी रोड का निर्माण हो जाएगा। इससे आवागमन सुगम होने के साथ क्षेत्र का विकास भी होगा। समारोह में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह ने सड़क निर्माण का तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, पार्षदगण, राजगोपाल मिश्रचारी, डीएन शुक्ला, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बागेश्वर धाम पहुंचकर किए बालाजी के दर्शन, पीठाधीश्वर से लिया आशीर्वाद



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रविवार को बागेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बालाजी भगवान के दर्शन कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने धाम पहुंचकर पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों के बीच आगामी 23 फरवरी को प्रस्तावित 291 कन्या विवाह और कैंसर हॉस्पिटल भूमि पूजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल दोपहर में हवाई मार्ग से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे, जहां कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सड़क मार्ग से बागेश्वर धाम पहुंचे।

# देश को विश्वगुरू बनाने में युवा बनें सहभागी: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**एआई अवसर एवं चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में हुए शामिल**

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल् ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)- अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार बच्चों को अपडेट व अपग्रेड होने के अवसर उपलब्ध कराएगी। सेमिनार में सीखी गई बातों से छात्र भविष्य में आने वाली चुनौतियों का कुशलतापूर्वक मुकाबला कर सकेंगे और अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।




उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निदा फ़ाज़ली की ग़ज़ल का उल्लेख करते हुए छात्रों को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि सफर में धूप तो होगी अगर निकल सको तो चलो, यहाँ कोई किसी को रास्ता नहीं देता अपने आप को बदल सको तो चलो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता - अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निदा फ़ाज़ली की ग़ज़ल का उल्लेख करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कहा कि एआई भविष्य की दुनिया है। इसे आधार मानकर आयोजित किया गया सेमिनार विद्यार्थियों को व्यापार, उद्योग, रोजगार एवं अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने सेमिनार आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा कहा कि महाविद्यालयों व विद्यालयों में ऐसे सेमिनार लगातार होने चाहिए ताकि इनका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, महाविद्यालय की प्राचार्य विभा श्रीवास्तव सहित प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नैकहाई शौर्य स्मारक के पुनरूद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य एक वर्ष में होंगे पूर्ण




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शहीदों की यशभूमि आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम का संदेश देगी। यह भूमि आने वाली पीढ़ी को अमर बलिदानियों के शहादत को याद रखने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर में स्थित शौर्य भूमि नैकहाई में 1703 के बुंदेला युद्ध एवं 1796 के पेशवा युद्ध के अमर बलिदानियों के पुण्य स्मरण समारोह संगम तीर्थ की बाउण्ड्रीवॉल प्रवेश एवं निर्गम द्वार का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने छतरियों के जीर्णोद्धार, कीर्ति स्तंभ, संग्रहालय, बाबड़ी एवं मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य आगामी एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने लगभग 75 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा एक करोड़ 25 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति आवश्यक होती है। शहीदों की पुण्यभूमि के पुनरूद्धार के लिए लालबहादुर सिंह व बृहस्पति सिंह ने प्रयास किए और आने वाले वर्ष में 8 फरवरी 2026 को यह शौर्य स्मारक पूर्णत- सौन्दर्यीकृत व सुसज्जित होकर इतिहास की कहानी बखान करेगा जिससे यहाँ आने वाले लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में पर्यटकों को इस वीर भूमि के दर्शन होंगे जहाँ महारानी कुंदन कुमारी के नेतृत्व में वीरता का इतिहास अंकित हुआ था जिसे चिरस्थाई बनाया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि बुजुर्गों और महान व्यक्तियों के शुभ आशीर्वाद से रीवा विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। हमें अपने पितरों की पूजा अर्चना करनी चाहिए क्योंकि इन्हीं के आशीर्वाद से सुख समृद्धि व विश्वास आता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अमर बलिदानियों का पुण्य स्मरण करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों का सम्मान किया। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जनपद अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, एमपीआईडीसी के ईडी यूके तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि हाउसिंग बोर्ड के अधिकारीगण तथा शहीद परिवारों के परिजन, रिटायर्ड फौजी व स्थानीयजन उपस्थित रहे।

**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एनएचएम मध्य प्रदेश और एम्स दिल्ली ने की रणनीतिक साझेदारी**

# एम्स दिल्ली के अनुभव और विशेषज्ञता से स्वास्थ्य सेवा तंत्र होगा सशक्त: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्वस्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता का लाभ महत्वपूर्ण है। एम्स दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के अनुभव और विशेषज्ञता से निश्चित रूप से हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र को नई दिशा मिलेगी। एम्स दिल्ली और एनएचएम मध्यप्रदेश की साझेदारी से साक्ष्य-आधारित नीतियों, उन्नत तकनीकी हस्तक्षेपों और स्वास्थ्य कर्मियों के उन्नत प्रशिक्षण से स्वास्थ्य संकेतकों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। सरकार हर मां और नवजात शिशु को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर), शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) में कमी लाने के लिए एम्स नई दिल्ली के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। यह पहल प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एम्स दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में एनएचएम मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना और उप संचालक (शिशु स्वास्थ्य) डॉ. हिमानी यादव ने एम्स दिल्ली के विषय विशेषज्ञों डॉ. रमेश अग्रवाल, डॉ. एम. जीवसंकर, डॉ. अनु सचदेवा, डॉ. अपर्णा शर्मा, डॉ. अंकित वर्मा, डॉ. विवेक कुमार और डॉ. सत्य प्रकाश के साथ विस्तृत चर्चा की। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेपों और नीति निर्धारण की संभावनाओं पर विचार किया गया। विशेषज्ञों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार के लिये बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस साझेदारी के अंतर्गत एनएचएम मध्य प्रदेश और एम्स दिल्ली लक्षित हस्तक्षेपों, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिक स्वास्थ्य समाधान लागू करने की दिशा में मिलकर कार्य करेंगे। इसका उद्देश्य माताओं और नवजात शिशुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है, साथ ही प्रदेश के स्वास्थ्य संकेतकों को भी सुदृढ़ करना है। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण और तकनीकी सशक्तीकरण के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ पर चतुर्भुजधारी भगवान भैरवनाथ की प्रतिमा खुले में पड़ी हुई थी। बदवार में सोलर प्लांट की स्थापना के बाद उसके सीएसआर मद से भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसके समीप ही गौशाला का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें पाँच हजार से अधिक गायों को आश्रय मिलेगा। इन दोनों कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, राजेश पाण्डेय तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



संपादकीय

# दिल्ली के नतीजे न चौंकाने वाले न अप्रत्याशित

-ऋतुपर्ण दवे

दिल्ली के नतीजों को महागठबंधन की रार, तकरार या हार कहें या फिर भाजपा का आत्मविश्वास, लेकिन सच यही है कि जीत मतदाताओं की हुई है ।यकीनन दिल्ली के मतदाताओं के दोनों हाथ में लड्डू थे। शायद, इसी वजह से दिल्ली में मतदाताओं ने काफी सोच-विचार कर भाजपा को चुना। हो सकता है कि इस बार केजरीवाल और उनकी टीम अपने वायदों पर खरे नहीं उतरे या आरोपों के कुचक्र में ऐसी घिरते चले गए कि जनमानस को उनकी कथनी और करनी में तो अंतर समझ आने लगा। वहीं पुरानी घोषणाओं और भावनाओं का खेला हुआ। आम आदमी पार्टी को इस बार उसके नेताओं के पुराने भावुक भाषणों ने करारी चोट दी। जिसमें नीली वैगन आर और मुख्यमंत्री के आवास को लेकर जुमलों जैसी बातें थी। भाजपा ने भी मतदाताओं को निजी तौर पर लाभ के पिटारों और पुरानी सौगातों में वृध्दि का जो दांव खेला उसी का असर सामने है। फायदे के दौर में ज्यादा फायदा कौन नहीं चाहेगा?भाजपा ने भी फायदों की झड़ी पर दांव लगाया तो क्या बुरा किया? इधर केजरीवाल भी अपनों से ही उलझते चले गए और गठबंधन भी बिखरता गया।

आम आदमी पार्टी को शीश महल, शराब घोटाला जैसे आरोपों ने ऐसा धराशायी किया कि आप की%झाड़ू% ने अपनों को साफ कर नाउम्मीद कर दिया। हालांकि भाजपा को अपना सूखा दूर करने में 27 साल लग गए। लेकिन यह सच है कि लोकसभा चुनावों के बाद दिल्ली के महज 70 सीटों के चुनाव पर देश-दुनिया की निगाहें थी। दिल्ली के चुनाव इसलिए भी बेहद खास थे कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वहां पर सरकार न बना पाना उनकी सबसे बड़ी कसक थी। यही वजह थी कि मोदी ने भी इस बार न केवल अपना दांव चला बल्कि अपने भाषणों से भी काफी कुछ संदेश देने की कोशिश की। आखिर दिल्ली में भी मोदी मैजिक पहली ही बार ही सही, चल गया।

हालांकि कहा जरूर जा रहा था कि संघर्ष त्रिकोणीय होगा लेकिन नतीजे आमने-सामने के ही दिखे। कांग्रेस को जरूर इस बात पर संतोष करना होगा कि उसके वोट प्रतिशत में थोड़ा इजाफा हुआ है। लेकिन यह नाकाफी है। हां यदि इण्डिया गठबन्धन यहां भी एकजुटता से लड़ता तो संभव है कि नतीजे कुछ बदले भी आ सकते थे। लेकिन यह महज कयास हैं। कुल मिलाकर इसे घोषणाओं में कौन कितना आगे रहा उसी की जीत हुई कहा जा सकता है ।70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 48 सीटों के बहुमत सत्ता में आई। वहीं आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट गई। मतों के प्रतिशत के लिहाज जहां भाजपा को 45.56 तो आम आदमी पार्टी को 43.57 प्रतिशत मत मिले। अंतर भले ही कम रहा लेकिन अंकगणित के आंकड़ों ने आप को चित्त कर दिया। कांग्रेस को जरूर 2020 के मुकाबले ज्यादा मत मिले जो 4.63 से बढ़कर 6.34 हो गए। निश्चित रूप से हरेक सीट के विश्लेषण के बाद समझ आएगा कि कांग्रेस आप के लिए कितनी वोट कटवा रही।

अब भाजपा के लिए अभी तो यह जश्न का दौर है। लेकिन वायदों पर भी खरा उतरना होगा। निश्चित रूप से मुफ्त की रेवड़ी की बहार और वायदों में बरकरार रहने वाली पार्टियों का ही वक्त आता दिख रहा है। शायद दिल्ली में भाजपा की जीत और आम आदमी पार्टी की हार के बाद सभी की निगाहें अब बिहार पर हैं। वहां के मतदाताओं के हाथ अभी दिल्ली जैसा लाभ नहीं है। वहां सत्ताधारी गठबंधन के अंदर निश्चित रूप से इस जीत के बाद मंथन का दौर चल रहा होगा कि मतदाताओं को अपने पक्ष में बनाए रखने की लिए और कितनी घोषणाएं कर तुरंत उन्हें अमल में लाया जा सकता है।

आम आदमी पार्टी के क्षत्रपों की हार से पूरे देश में एक बड़ा संदेश जरूर गया है। आने वाला दौर और राज्यों के चुनावों के ट्रेन्ड काफी बदलने वाले हैं। दिल्ली के नतीजों के बाद अब जिन-जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां पर विकास के अलावा मुफ्त की रेवड़ी बांटने या जीतने के बाद देने के वायदों को देखना होगा।

भाजपा की जीत या आप की हार को राजनीतिक दृष्टि से तो देखा ही जाएगा लेकिन इसका विकास की योजनाओं पर भी दूरगामी असर होगा। इसके अलावा गठबन्धन की राजनीति के लिए भी बड़ा संदेश छुपा है। बन्द मुट्ठी लाख की खुल गई तो खाक की। कांग्रेस बेहतर न कर पाने के बाद भले ही कहे कि हमें आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में धोखा दिया तो हमने दिल्ली में उसे उसकी हैसियत बता दी। वास्तविक हैसियत तो मतदाताओं ने दिखा दी है ।लगता नहीं कि भविष्य में गठबन्धन धर्म में कांग्रेस ने भी खुद अपने लिए चुनौतियां नहीं बढ़ा लीं?

कहते हैं वक्त कभी थमता नहीं है। लेकिन कांग्रेस की हालत और जनता में विश्वास को लेकर अब यह चिंतन और मंथन का भी समय है। कांग्रेस को अपने वजूद के लिए नए सिरे से छोटे-बड़े से समझौते पर सोचना होगा। वहीं आम आदमी पार्टी को भी इस बात को लेकर जूझना होगा कि पंजाब के वायदों को पूरा न कर पाने का दिल्ली में कितना खामियाजा उठाना पड़ा? लेकिन एक बार फिर विपक्षी एकता और महागठबंधन की ताकत को लेकर फिर चिंतन-मंथन का दौर शुरू होगा। शायद विपक्ष सीख ले?इसके लिए बिहार के चुनाव का इंतजार करना होगा।

सच है कि भाजपा को आत्मविश्वास और मजबूत संगठनात्मक ढ़ांचे के साथ अनुशासित होकर चुनाव लड़ने से भी बहुत फायदा हुआ। वहीं जिस तरह से प्रचंड जनादेश से सरकार में आने के बाद ही आम आदमी पार्टी से जुड़े महत्वपूर्ण तुरुप और दूसरे दिग्गजों को मजबूरन कहें या जानबूझकर अलग किया गया या होने को मजबूर होना पड़ा यह हार भी कहीं न कहीं उसकी कीमत है। अब आप के सामने बची-खुची एकजुटता बनाए रखनाभी बड़ीबल्कि बहुत चुनौती होगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि केजरीवाल के लिए सबसे बड़ी मुश्किल अपनी पार्टी को दोबारा मजबूत कर पाना और पंजाब की सरकार को जनता की उम्मीदों पर खरा उतारना होगा। यह तय है कि केजरीवाल के लिए आने वाले दिन और भी मुश्किलों से भरे होंगे।

भाजपा के लिए दिल्ली की बाधा तो दूर हुई। अब देखना है कि डबल इंजन की ताकत क्या करिश्मा कर दिखाती है। बहरहाल अभी तो आप और कांग्रेस की हालत को देखकर यही कहना ठीक होगा कि ये पब्लिक है सब जानती है। हाँ, दिल्ली के नतीजे न चौंकाने वाले थे और न ही अप्रत्याशित। गर्व सेकह सकते हैं लोकतंत्रजिंदाबाद।

# मोदी की गारंटी पर दिल्लीवासियों की मुहर

– सुरेश पचौरी





दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण। दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ, फरेब और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को ज़्यादा समय तक दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ÷साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी। इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था, आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख?यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प और मोदी जी की गारंटी का मान रखा। हमारा मानना है कि जनता का यह फैसला देश की राजधानी की सूरत और सीरत में गुणात्मक परिवर्तन करने वाला साबित होगा। नि:संदेह, दिल्ली की जनता के लिए यह परिवर्तन विकास के नए सूर्योदय सरीखा है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)

# मोहन की यह सोच अच्छी है

कौशल किशोर चतुर्वेदी




ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन पहली बार मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हो रहा है। यह उस मायने में बेहद सुकून वाली बात है कि राजधानी पहली बार उद्योगपतियों और निवेशकों का स्वागत करने के लिए सजेगी और संवरेगी। अभी तक यह अवसर आर्थिक राजधानी इंदौर को ही मिलता रहा है। और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तो लोगों को लुभाती रही है लेकिन निवेश न होने की बात मध्यप्रदेश को हमेशा सताती रही है। मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव ने ट्रेंड बदला और संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव का आयोजन कर प्रदेश के कई शहरों को निवेशकों की मेजबानी का अवसर दिया। इसके बाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का अवसर भोपाल को देकर यह साफ कर दिया है कि किसी शहर का एकाधिकार नहीं चलेगा। रीजनल इंडस्ट्रीज कांक्लेव से निवेश होने की उम्मीद जागी है, तो यूके, जर्मनी और जापान की सीएम की यात्राओं से निवेश का भरोसा जाग रहा है। और उम्मीद है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भोपाल भी शुभंकर राजधानी साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की रीजनल इंडस्ट्रीज कांक्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सोच अच्छी है और इसके परिणाम भी अच्छे होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खासे उत्साहित हैं। उनके मुताबिक मध्यप्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भोपाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, बगरोदा, पीलूखेड़ी, गोविंदपुरा, अचारपुरा और फंदा के उद्यमियों के साथ ही उन युवाओं में भी खासा उत्साह है, जो नई तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूर्ण करने में सहभागी बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश संबंधी अपने विदेश दौरे में कंपनियों को तकनीकी रूप से भी मध्यप्रदेश के विकास में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया है। यूके, जर्मनी और जापान की कंपनियों ने तकनीक के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश को आगे बढ़कर संवारने का वादा किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि जब विदेशी कंपनियां अपने उद्योग यहां स्थापित करेंगी, तो निन्संदेह नवीनतम तकनीक यहां आएगी और उद्योगों को विश्व स्तरीय तकनीक के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश का इंडस्ट्रियल सेक्टर बूस्ट-अप भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नवंबर 2024 में हुए 6 दिवसीय यूके और जर्मनी दौरे में उद्योगपतियों और निवेशकों से लगभग 78 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे प्रदेश के समग्र विकास और टेक्नो-फ्रेण्ड्ली युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के यूके-जर्मनी दौरे से पहले सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रस्ताव आया था कि तकनीकी क्षेत्र में जर्मनी और भारत संयुक्त रूप भोपाल के अचारपुरा में इकाई स्थापित करेंगे। इस कंपनी के जर्मन निवेशक को जर्मनी में भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया गया। कंपनी द्वारा भोपाल में 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा। सॉफ्टवेयर और आईटी पार्क के निर्माण पर विभिन्न इंटरैक्टिव सेशन और राउंड टेबल डिस्कशन भी संपन्न हुए हैं। वुडपैकर सॉफ्टवेयर ने रसायन और आईटी सेक्टर में 1,100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भरोसा जताया है कि यूके और जर्मनी की यात्रा से टेक्नो-फ्रेंड्ली युवाओं के लिए रोजगार सृजन के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। यूके और जर्मनी द्वारा प्रदेश में निवेश से तकनीकी संस्थानों में उन्नत टेक्नोलॉजी आएगी, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे, साथ ही प्रदेश के संस्थानों का विश्व स्तरीय तकनीक से परिचय होगा और उन्हें वैश्विक स्वरूप मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तकनीक के क्षेत्र में यूके और जर्मनी की सफल यात्रा के बाद उतनी ही सफलता जापान की यात्रा में भी मिली है। जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली, जिससे प्रदेश में जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि इस बार जापान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जापान की कंपनियों ने मध्यप्रदेश में मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल (रेडिमेड गारमेन्ट्स) सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जताई है। जापान की कंपनियों के सहयोग से हम प्रदेश को इन्वेस्टमेंट के लिए एक 'आइडियल डेस्टिनेशन' और 'इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट' बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

तो जिस तरह पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित हो रही है, इससे परंपरागत रूप से इंदौर में समिट आयोजित होने की धारणा बदली है। और इससे निवेश और प्रदेश के औद्योगिक विकास का नया युग शुरू होने की उम्मीद भी बनी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का स्थान बदलने की मोहन की सोच अच्छी है। यही उम्मीद है कि उम्मीदों से भरी उनकी यह सोच सच हो और 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट नया इतिहास बनाएज।

# पाठ्यक्रम: व्यवहारिक और एकरूप बने

राकेश दुबे



देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए,राजनीतिक कारणों से पाठ्यक्रम एक समान नहीं हो सके। जिससे हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे।

पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए।

यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी।

वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए, लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है।

शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को तेज गति देने के लिये एक कुशल कार्यबल की नितांत आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा पद्धति समय के साथ कदमताल करेगी। देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिये रोजगारपरक शिक्षा अनिवार्य शर्त है। जिसका आधार व्यावसायिक व गुणात्मक शिक्षा ही हो सकती है।

# छोड़ी विदेश की नौकरी, रिसेप्शनिस्ट से बनी आईपीएस



देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक आईपीएस की सिविल सेवा परीक्षा के लिए सिर्फ पढ़ाई में होशियार होना काफी नहीं है। बल्कि लगन, संकल्प और दबाव झेलने की क्षमता भी बहुत जरूरी है। पूजा यादव की आईपीएस अफसर बनने की कहानी इसका बेहतरीन प्रमाण है।

पूजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हरियाणा में बचपन जीने वाली पूजा यादव की गिनती देश की सबसे खूबसूरत प्रशासनिक ऑफिसर में की भी जाती है।

पूजा यादव का जन्म 20 सितंबर, 1988 को हरियाणा के सोनीपत में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। पूजा का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने आर्थिक तंगी का भी सामना किया। लेकिन, कभी हार नहीं मानी। उनका मानना था कि अगर मन में कुछ करने की ठान ली जाए, तो कोई भी मुश्किल हमारे रास्ते को रोक नहीं सकती। अपने शहर से ही स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने बायो टेक्नोलॉजी में बी-टेक और फिर फूड टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में एम-टेक किया।

पूजा अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश चली गईं। कुछ समय जर्मनी और कनाडा में नौकरी की। कुछ समय बाद उन्हें महसूस हुआ कि दूसरे देश के लिए काम करने के बजाए अपने देश के लिए कुछ किया जाए। यह जज्बा जागृत होने के बाद वे वापस इंडिया लौट आई। हरियाणा की इस धाकड़ लड़की पूजा यादव ने विदेशों में बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़ने के बाद गुजारे के लिए शुरुआत में पार्ट-टाइम रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम किया। उनका लक्ष्य था आईपीएस में कुछ कमाल करना।

पूजा के लिए आईपीएस ऑफिसर बनने का फैसला करना बेहद मुश्किल था। क्योंकि, वे अपना कामयाब करियर छोड़कर आ रही थी। पूजा के परिवार ने सपोर्ट किया, लेकिन वे आर्थिक सहयोग नहीं कर पाए। एमटेक की पढ़ाई और यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने के दौरान खर्च निकालने के लिए पूजा ने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाई और रिसेप्शनिस्ट के तौर पर भी काम किया। यूपीएससी परीक्षा में पूजा का पहला प्रयास सफल नहीं रहा। लेकिन, उन्होंने हार नहीं मानी। अटूट लक्ष्य और कड़ी मेहनत से पूजा ने वर्ष 2018 में 174वीं अखिल भारतीय रैंक (ढ्ढक्र) के साथ क्क्स्ष्ट परीक्षा पास की और आईपीएस बनी। वे गुजरात के राजकोट शहर में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) यातायात के रूप में कार्यरत हैं। यातायात नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उनकी सख्त कार्रवाई ने उन्हें बहुत सम्मान भी दिलाया।

पूजा ने 2016 बैच के आईपीएस ऑफिसर विकल्प भारद्वाज से 18 फरवरी, 2021 में शादी की। वे पहले केरल कैडर के अधिकारी हैं। पूजा से शादी के बाद उन्होंने गुजरात कैडर में ट्रांसफर का अनुरोध किया और उनकी गुजरात में पोस्टिंग हो गई। दोनों की मुलाकात मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में हुई थी। विकल्प भारद्वाज 2017 बैच के अफसर हैं और उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 87वीं रैंक हासिल की। इन जोड़े को गुजरात में परफेक्ट कपल माना जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## इंडिया डांस पावर 2 में नुपुर कश्यप का वेस्ट डांस, हुई सम्मानित

**सांध्य प्रकाश, इटारसी।** मध्य प्रदेश के इटारसी शहर में रहने वाली मशहूर कोरियोग्राफर नुपुर कश्यप को भारत के सबसे बड़े डांस टीवी रियलिटी शो ÷इंडिया का डांस पावर 2÷ के प्रतिष्ठित कोरियोग्राफर सम्मान से नवाजा गया । यह सम्मान बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मास्टर मरज़ी पेस्टनजी, डांस गुरु मैक मुकेश और इंडिया डांस पावर द्वारा प्रदान किया गया।ज्ञात हो कि नुपुर कश्यप इटारसी की नुपुर डांस एकेडमी की संस्थापक हैं , वह पिछले कई वर्षों से शहर में डांस को एक नई पहचान दिला रही है। उनकी डांस एकेडमी पुरानी इटारसी में स्थित है, जहाँ वे सैकड़ों छात्रों को नृत्य सिखाकर नए टैलेंट को निखारने का कार्य कर रही हैं। उनकी सफलता ने मध्य प्रदेश को गर्व महसूस कराया है।

## दमोह पुलिस का विशेष साईबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक




दमोह। पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा सायबर जागरूकता हेतु चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान *सेफ क्लिक* के अंतर्गत आज दिनांक 09/02/2025 को श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना दमोह देहात,पटेरा, गैसाबाद, हिंडोरिया, कुम्हारी एवं रजपुरा द्वारा स?कूल/कॉलेज, थाना परिसर बस स्टैंड एवंअन्य सार्वजनिक स्थानों पर छात्र- छात्राओं, यात्रियों ,आमजनों को सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी तथा इंटरनेट सेफ्टी, ओ.टी.पी. डिजिटल अरेस्ट ए.पी.के फाईल, फर्जी लोन एप आदि के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए पंपलेट वितरण किए तथा दीवारों पर चिपकाये गये।

## सीसीटीवी से होगी मेले में निगरानी: सीएमओ पटले



**सांध्य प्रकाश नर्मदापुरम।** संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का उद्घाटन 11 फरवरी को पूर्णिमा से एक दिन पहले विधिवत और अतिथिगणों की मौजूदगी में किया जाएगा। दुकानों का आवंटन पुर्व से जारी है। रविवार को मेला स्थल पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, मेला प्रभारी योगेश सोनी, गौरव वर्मा, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, एआरआई सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे। देर शाम तक सीएमओ और नपा की टीम द्वारा मेले में दुकानों आवंटन किया जा रहा था।

**सीसीटीवी से होगी निगरानी :** सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। मेले की हर समय सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी केमरे लगाने के लिए स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं।

**श्रद्धालु और व्यापारी सादर आमंत्रित हैं :** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने श्रद्धालुगणों और व्यापारीगणों से आग्रह किया है कि वे नर्मदांचल के महान संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेले में आएं और मेले का आनंद लें, यह मेला आपके लिए ही है।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कल

खरगोन // माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2025 के लिए नियुक्त समस्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह की अध्यक्षता एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानूडे की उपस्थिति में 11 फरवरी मंगलवार को दोपहर 1ः00 बजे से देवी अहिल्या शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 खरगोन में आयोजित होगा। यह प्रशिक्षण जिला ई गवर्नेंस खरगोन कार्यालय कलेक्टर द्वारा दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त कलेक्टर प्रतिनिधियों से इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं ?।

## सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन हुआ



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज रायसेन द्वारा ग्राम इकलबाड़ा मे लगाए गए 7 दिवसीय ह्रस्स कैंप का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर द्वारा ह्रस्स के प्रोत्साहन हेतु सदैव अपना सहयोग देने की बात कही गई !सरपंच नेमीचंद भल्लावी अनीता भल्लावी द्वारा ह्रस्स के स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ रवीन्द्र योधा द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। ह्रस्सप्रभारी डॉ एम. एल. गढ़वाल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉ. अनस मुस्तुफा, डॉ. सपन राज, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा बुरबुरे, विवेक मालवी, रामलखन प्रजापति अन्य समस्त महाविद्यालयी स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संपन्न हुई विहिप की त्रि-दिवसीय बैठक, मंदिर मुक्ति आंदोलन की रणनीति बनी, चलेगा देश व्यापी अभियान



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित विश्व हिंदू परिषद (विहिप) शिविर में चल रही त्रि-दिवसीय बैठक रविवार को इस संकल्प से साथ पूरी हो गई कि अब किसी भी स्थिति में हम मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिला कर ही रहेंगे।

बैठक में उपस्थित देश - विदेश के 950 प्रतिनिधियों ने मिलकर एक बड़ी रणनीति भी बनाई है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने आज कहा कि मंदिर मुक्ति आंदोलन के प्रथम चरण में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे कर मांग करेंगे कि सरकारें हिंदू मंदिरों को वापस हिंदू समाज को सौंपे।

उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बड़ी जनसभाएं कर इस संबंध में अपनी मांगे बुलंद करेंगे। आंदोलन के दूसरे चरण में प्रत्येक राज्य की राजधानी व महानगरों में वहां के बुद्धजीवी समाज की सभाएं कर इसके लिए व्यापक जन समर्थन जुटाएंगे। जिन राज्यों में यह समस्या ज्यादा विकट है, वहां आगामी विधानसभा सत्र के दौरान हमारे कार्यकर्ता विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों से मिलकर वहां के राजनीतिक दलों पर मंदिरों की मुक्ति हेतु दबाव बनाएंगे।

कुंभ मेला क्षेत्र में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विहिप अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि मंदिरों को अपने नियमित कामकाज के संचालन हेतु अधिकतम स्वतंत्रता होनी चाहिए। मंदिर प्रबंधन में किसी भी प्रकार का बाहरी नियंत्रण अब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिर मुक्ति आंदोलन में हम केवल उन्हीं मंदिरों की बात कर रहे हैं जो अभी तक सरकारी नियंत्रण में है, अन्य मंदिरों की नहीं।

श्री आलोक कुमार ने कहा कि हमारा मत है कि मंदिर के पैसों को केवल हिंदू कार्यों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। इस संबंध के कानून में पूरी तरह से पारदर्शी वही खाते और अंकेक्षण की व्यवस्था होगी। मंदिरों के संचालन में संपूर्ण हिंदू समाज की सहभागिता और मंदिरों के लिए बने ट्रस्ट में अन्य लोगों के साथ महिलाओं व अनुसूचित समाज का प्रतिनिधित्व भी होगा। मंदिरों के अर्चकों, पुरोहितों व अन्य कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन व भत्तों में कोई कमी नहीं की जाएगी और किसी भी हालत में उनका वेतन उस राज्य के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन से काम नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया कि विहिप प्रतिनिधि जब मुख्य मंत्रियों को मिलने जाएंगे तो वह अपने साथ उस राज्य के लिए इस संबंध में प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप भी उनको सौंपेंगे।

बैठक में देश भर के सभी प्रांतों के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग मॉरीशस, दक्षिणी अफ्रीका, फ्रांस, थाईलैंड, श्रीलंका, नेपाल बांग्लादेश, गुयाना जैसे अनेक देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी व स्व का बोध जैसे पांच परिवर्तनों को भी जनमानस के आचार व्यवहार और संस्कारों का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया। विश्व भर में हिंदू समाज से जुड़े अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी विस्तार से विचार विनिमय हुआ। इस बैठक में युग पुरुष पूज्य स्वामी श्री परमानंद जी महाराज व बौद्ध लामा पूज्य श्री चोस फेल ज्योतपा जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर कार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसवोले तथा पूर्व सर कार्यवाह व विहिप के पालक अधिकारी श्री भैया जी जोशी भी उपस्थित रहे।

## उमरिया में तेंदुए की दहशत, गाय को बनाया शिकार

### गांव के पास नाले में पानी पीने आते हैं बाघ और तेंदुआ



**औबेदुल्लागंज सुरेश केवट ।** नगर परिषद उमरिया वार्ड नंबर 7 में तेंदुए का मूवमेंट है टाइगर रिजर्व भीमबेटका से लगे उमरिया गांव में तेंदुए ने गाय को अपना शिकार बनाया शिकार की तलाश में जंगल से बाहर निकले तेंदूए ने आबादी क्षेत्र में पहुंचकर पालतू गाय पर हमला कर दिया। जब तक ग्रामीण देखा तब तक तेंदूए ने गाय को मार दिया था। लोगों ने तेंदूए को नदी की तरफ जाते हुए देखा गया। बरखेड़ा रेंज के रेंजर विकास कुमार सुलिया एवं टीम ने मौके पर जाकर गाय के शव के आसपास का निरीक्षण किया गया है। तेंदूए की निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। रातापानी टाइगर रिजर्व के जंगल की सीमा खुली होने से वन्यजीव आसानी से आबादी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। उमरिया और दिगवाड क्षेत्र में आए दिन वन्यजीवों की चहल कदमी और उनके द्वारा होने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। जंगल से बाहर वन्यजीवों की रोकथाम न होने से लोग परेशान हैं। रातापानी के जंगल से गांव लगे हुए। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिन से तेंदूए आबादी क्षेत्र में देखा जा रहा है। गांव के हरजीत सिंह मंगू एवं शम्मी भैया ने बताया कि उनके घर के पीछे पालतू गाय बंधी थी। तेंदूए ने उस पर हमला कर दिया। जब तक जाकर देखा तब तक तेंदूए ने उसे मार दिया था। सुबह लोगों के शोर शराबा से तेंदूए गाय के शव को छोड़कर नदी की तरफ चला गया। घटना से क्षेत्र के लोगों में तेंदूए की दहशत फैल गई। सूचना पर वन विभाग के रेंजर विकास कुमार सूलियां ने पहुंचकर जानकारी जुटाई। रेंज ऑफिसर ने बताया की कैमरे लगवाए जा रहे हैं । और टीम निगरानी कर रही है। तेंदूए की लोकेशन मिलते ही उसे जंगल में खदेड़ा जाएगा।

### इनका कहना है

तेंदुए ने गाय को मारा है कैस बना दिया है गांव वालों को समझाइए दे दी है की सावधानी से चले तेंदुए की लोकेशन मिलते ही उसे जंगल में खदेड़ा जाएगा

**( वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार)**

## कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब सहित महुआ लहान जप्त



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब पर की गई कार्यवाही।

- मुखबिर की सूचना पर महाराणा प्रताप तिराहा के पास पहाड़ी के नीचे 03 अलग अलग स्थानों पर दबिश कार्यवाही में कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब,70 प्लास्टिक के कुप्पा एवं 1000 किग्रा कच्चा महुआ लहान ज़ब्त।

- मामले में 01 रवि पिता बाल सिंह आदिवासी 02 अंजनी पति सुरेश कुचबंदिया 03 कपू पति सरदार कुचबंदिया पर आवकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 03 अलग अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए।

- तीनों आरोपियों को नोटिस तामील किया गया है।

दमोह जो कार्रवाई कोतवाली थाना पुलिस को करनी चाहिए वह कार्रवाई जबलपुर नाका चौकी पुलिस को करनी पड़ी आखिर क्यों कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रवाल दाल मिल के पीछे बन रही थी अवैध कच्ची शराब जिस पर दमोह देहात थाना के जबलपुर नाका चौकी प्रभारी सउनि आनंद कुमार और उनकी टीम द्वारा श्रुतकीर्ति सोमवंशी

## नैनपुर में स्वर्णकार सम्मेलन बनेगा मंगल भवन की घोषणा संपतिया




नैनपुर। नगर के सोनी समाज का एकदिवसीय सम्मेलन नगर पालिका के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम में समस्त स्वर्णकार सोनी समाज के सभी पारिवारिक सदस्यों के साथ में सम्मिलित हुए दिन भर चले कार्यक्रम में समाज की संगठन की स्थिति पर चर्चा की गई एवं संगठन को विकास की ओर ले जाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास किए जाने का रास्ता देखा गय सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को एवं कुशल कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया बड़ी संख्या मे मौजूद कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष बालकिशन खंडेलवाल भी पहुंचे समाज की ओर से अध्यक्ष अजय सोनी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया वहीं समाज के पदाधिकारी विमलेश सोनी ने समाज के कार्यों के लिए मंगल भवन की मांग रखी समाज के देखते हुए कैबिनेट मंत्री मैं समाज के कार्यों की सराहना की एवं विधायक निधि से भवन हेतु 10 लख रुपए की देने की घोषणा की जिसका सर्वत्र स्वागत किया गया मंचों संचालन संजू सोनी शिक्षक के द्वारा किया गया सम्मेलन सम्मेलन को सफल बनाने में अध्यक्ष अजय सोनी बबलू मानक सोनी सहित बडी संख्या मे समाज के युवाओं? ने डा आनंद सोनी पी आर सोनी गोविन्द सोनी के साथ ही? मंडला से आये संगठन के पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना की

### पचोर शुजालपुर हाईवे पर एक्सीडेंट

## आष्टा के पास शुजालपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कर ने बाइक सवारों को चपेट में लिया 2 की मौत 2 घायल



आष्टा। आष्टा के पार्वती थाना अंतर्गत आष्टा शुजालपुर पचोर हाईवे पर काजीखेड़ी जोड़ के पास बीती रात्रि दो बाइक कार में टक्कर हो गई जिसमें दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई वहीं कर सवार दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए मामला पार्वती थाना अंतर्गत का है पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया है कि बीती देर रात्रि सुजालपुर मार्ग पर आष्टा के पास काजीखेड़ी जोड़ कार क्रमांक यूपी 16 ड्ड श्न 2822 ने आष्टा से गांव जा रहे हकीमाबाद बाइक एमपी 04 ठ्ठ 4 4182 सवार मनोज पिता लखन सिंह परमार उम्र 36 वर्ष निवासी हकीमाबाद को टक्कर मार दी जिससे मनोज की मौत हो गई। इधर एक और बाइक सवार जो की ढाबे से आष्टा आ रहा था बाइक सवार आनंद खजुरिया निवासी ढकनी उम्र 36 वर्ष उसकी भी कार दुर्घटना में मौत हो गई, इधर कार सवार दो लोग घायल हुए हैं इस मामले में पार्वती पुलिस ने मामला दर्ज कर जा शुरू कर दिए।

**यह है मृतकों के नाम**

बाइक सवार मनोज परमार पिता लखन परमार निवासी हकीमाबाद

दूसरा बाइक सवार आनंद खजुरिया उम्र 36 वर्ष निवासी ढकनी।

## भारतीय जागृति मिशन का जिला स्तरीय कार्यालय का शुभारंभ*



**मंडला।** जिले के उपनगरीय महाराजपुर में प्रदेश सचिव सोमवती धुर्वे के नेतृत्व में भारतीय जागृति मिशन का जिला स्तरीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी और राज कुमारी मर्सकोले के कर कमलों से फीता काट कर एवं पूजा पाठ कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया।कार्यालय शुभारंभ कर संविधान के धनी बाबा साहब अंबेडकर की तैल चित्र पर तिलक वंदन व पुष्प हार चढाकर एवं कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों का तिलक वंदन व पुष्प हारों से स्वागत किया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ की गई जिसमें जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष श्री भलावी ने भारतीय जागृति मिशन के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि यह मिशन सभी वर्गों के लोगों के लिए हितैषी के रूप में कार्य करने में अपना अहम भूमिका निभायेगा,वही उन्होंने कहा कि हर वर्गों के लोगों को ऐसे कई प्रकार के परेशानियाँ का सामना करना पडता है उसके लिए यह मिशन तैयार है,मिशन ने जिला मंडला में कार्यालय का शुभारंभ किया है निश्चित ही पीड़ितों को इस मिशन के तहत सहयोग मिलेगा। प्रदेश सचिव सोमवती धुर्वे ने बताया कि यह मिशन का जिला स्तरीय कार्यालय का शुभारंभ महाराजपुर में शुभारंभ किया गया है जो नर सेवा ही नारायण सेवा के नारा है हर पीड़ितों की सेवा करेगा।जो पीड़ितों को कार्यालय के माध्यम से न्याय दिलाने का कार्य करेगी।यह मिशन जो राष्ट्रीय,प्रदेश एवं जिला स्तर पर निःशुल्क कार्य कर रही है।समाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिरश्याम ने कहा कि जीव की सेवा ही सच्ची परमात्मा की सेवा है जो आज मंडला जिला में पहुँच चुका है निश्चित ही यह मिशन हर समाज के पीड़ितों की सेवा करेगा।वही जिला अध्यक्ष राज कुमारी मर्सकोले ने भी मिशन के संबंध में उद्बोधन दिया।इस प्रकार से अन्य अतिथियों ने भी उद्बोधन दिये।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संजय मरावी के द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष भलावी, समाजिक कार्यकर्ता सिरश्याम, समाजसेवी किशन उइके,प्रदेश सचिव सोमवती धुर्वे, जिला अध्यक्ष राज कुमारी मर्सकोले,जिला उपाध्यक्ष संजय मरावी,कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बैजंती मरावी, मीडिया प्रभारी अरविंद यादव,हीरा सिंह उइके सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## सेफ क्लिप साइबर जागरूकता अभियान

**औबेदुल्लागंज।** रायसेन पुलिस एवं रविंद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी ( आरएनटीयू ) तत्वाधान मे आयोजित तीन दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आज हैकथोन ( प्रतियोगिता ) के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हैकथोन कार्यक्रम में आरजीपीवी एवं एलएनसीटी के छात्रों को संयुक्त विजेता घोषित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी विनीत कपूर द्वारा अपने संबोधन में कहा कि यूनिवर्सिटी के छात्र, इंडस्ट्री एवं पुलिस विभाग के परस्पर सहयोग से न केवल साइबर अपराध रोकने बल्कि विभिन्न समस्याओं के हल ढूंढने में सहायता मिल सकती है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया कि जन सामान्य को जागरूक करना एक पहलू है एवं दूसरा पहलू विशेषज्ञों द्वारा निरंतर इस समस्या का हल ढूंढा जाए। इस दिशा में यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया कार्य प्रशंसनीय है।उक्त कार्यक्रम में आरएनटीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ संजीव गुप्ता, एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा, नेटलिंग के वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश मोटवानी आरएनटीयू की रजिस्ट्रार डॉक्टर संगीता जोहरी उपस्थिति रही।

## ट्रंप सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी और जंजीर लगाना अमानवीय, शर्मनाक, निंदनीय: कांग्रेस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश प्रवक्ता( ओबीसी विभाग ) प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा ने कहा कि अमेरिका सरकार ने काम धंधे की तलाश में गए भारतीय प्रवासियों को अवैध मानकर बेड़िया, जंजीर से जकड़ कर अमानवीय तरीके से उन्हें भारत भेजना शर्मनाक ही नहीं निंदनीय है।

ट्रंप सरकार का यह रवैया निंदनीय है।

कोलंबिया जैसे छोटे राष्ट्र ने अपने नागरिको के सम्मान के लिए ट्रंप सरकार को चेताया था यदि हमारे नगरिको को आपने हथकड़ी डालकर भेजा तो हम आपके सैन्य विमान को उतरने नहीं देंगे।

अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा बुलंद करने वालों ने कोलंबिया सरकार जैसा कदम भारतीय नागरिकों के सम्मान के लिए क्यों नहीं उठाया?

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी ,राजेश पटेल,महेन्द्र पटैल, राजू तोमर, पी पी पटेल,डॉक्टर मोइन अंसारी, अस्सू खान , पवन नामदेव, लखन श्रीवास्तव, एजाज अली ने आरोप लगाया कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने समय रहते विरोध दर्ज क्यों नहीं कराया ?

कोष्टा ने कहा कि भारतीय प्रवासी काम धंधे की तलाश में गए थे वह उनके साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार क्यों हुआ? प्रवासी भारतीयों को खाना खाने और बाथरूम जाने के लिए भी हथकड़ियां बेड़िया नहीं खोली गई विदेश मंत्रालय चुप क्यों रहा? कोलंबिया जैसा छोटा राष्ट्र अपने नागरिकों के सम्मान के लिए वहां से लाने के लिए प्लेन भेज सकता है तो भारत ने अपने नागरिकों के लिए यह कदम क्यों नहीं उठाया ?अमेरिका गए भारतीय आतंकी नहीं है अमेरिका ने भारतीयों को इस तरह से भारत भेजा और हमारे देश की जिम्मेदार लोगों ने भारतीयों के सम्मान में उन्हें रिसीव करने नहीं जाना शर्मनाक है ।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

Phone/Fa& No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in,

क्र. 5041 / न.पा./ लो.नि./ 2025 बिजुरी, दिनांक 27.01.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_ UAD_ 398572_1 | CONSTRUCTION OF JAN SUVIDHA KENDRA BEHIND SARASWATI SCHOOL AT WARD NO 10 | 5.16 लाख | 5168/- | 2000/- | 13.02.2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण ( ऑनलाईन ) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET ß "KEY DATES" में देखी जा सकती है ।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् बिजुरी जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

## राजपूताना इंडस्ट्रीज ने दी बेहतरीन रिपोर्ट; रेवेन्यू में 86 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 61 प्रतिशत की छलांग

**मुंबई, एजेंसी।** राजपुताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड , जो लौह रहित धातु उत्पादों के निर्माण में एक प्रसिद्ध नाम है, ने 9एम एफवाय25 के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

राजपुताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती शिवानी शेख ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम 9रूएफवाय25 में अपनी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जो 85.52 प्रतिशत वायओवाय राजस्व वृद्धि, बेहतर परिचालन दक्षताओं और हमारे बाजार विस्तार की रणनीतिक योजनाओं द्वारा प्रेरित है। हमारी उत्पादन क्षमता 13,150 एमटी तक बढ़ाने से हमें बढ़ती हुई मांग को पूरा करने की क्षमता और विविध और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पोर्टफोलियो को सुनिश्चित करने में मदद मिली है। ईपीएस और लाभप्रदता में लगातार सुधार हमारे स्थिर विकास और मूल्य निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भविष्य में, हम अपनी पुनर्चक्रण क्षमता को बढ़ाने, अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने और नए बाजार अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि दीर्घकालिक सफलता प्राप्त की जा सके। हम 9एम एफवाय25 में महत्वपूर्ण राजस्व वृद्धि और लाभप्रदता सुधार के साथ मजबूत वृद्धि को प्रदर्शित करते हुए जारी रखते हैं। कंपनी की रणनीतिक क्षमता विस्तार और विविधीकरण प्रयास इसे गैर-लौह धातु पुनर्चक्रण क्षेत्र में स्थायी बाजार नेतृत्व के लिए अच्छी स्थिति में रखती है।

## खज़ांची ज्वैलर्स लिमिटेड ने गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप के साथ डिजिटल उपस्थिति का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।** खज़ांची ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई:543953), जो कि सोने, हीरे, कीमती रत्नों और बुलियन आइटम्स में विशेषज्ञता रखने वाली भारत की प्रमुख ज्वेलरी कंपनियों में से एक है, ने अपने गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप का शुभारंभ किया है। यह ऐप ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ऐप का उद्देश्य सुविधा को बढ़ाना और ग्राहक संलग्नता में सुधार करना है, और इसमें आधुनिक उपभोक्ता की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ग्राहक अब ऐप के माध्यम से दैनिक सोने और चांदी की दरों को ट्रैक कर सकते हैं, गोल्ड सेविंग स्कीम्स के लिए सबसे कम दरों पर भुगतान कर सकते हैं, नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शंस और एक्सक्लूसिव इन-स्टोर ऑफ़र्स को देख सकते हैं, और यह सब अपने मोबाइल डिवाइस से आराम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐप त्वरित प्रश्न समाधान की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता कंपनी के कर्मचारियों से सीधे संपर्क कर सकते हैं, जिससे एक अधिक व्यक्तिगत और प्रभावी सेवा अनुभव प्राप्त होता है। खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड के ज्वाइंट डायरेक्टर राजेश कुमार ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम गोल्ड सेविंग स्कीम ऐप को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो हमारे यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि हम अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित डिजिटल अनुभव प्रदान कर सकें। यह ऐप ग्राहकों को दैनिक सोने और चांदी की दरों को आसानी से ट्रैक करने, सबसे प्रतिस्पर्धी दरों पर भुगतान करने और हमारे नवीनतम संग्रह को उनके घरों की सुविधा से एक्सप्लोर करने की सुविधा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ग्राहक संतुष्टि हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और यह पहल हमारे आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। भुगतान और ग्राहक इंटरएक्शन को डिजिटाइज़ करके, यह ऐप न केवल पहुंच को बेहतर बनाता है, बल्कि हमारे लिए एक व्यापक दर्शक वर्ग से जुड़ने की क्षमता को भी मजबूत करता है। हमें विश्वास है कि यह प्लेटफ़ॉर्म हमारे सोने बचत योजनाओं में अधिक भागीदारी को बढ़ावा देगा और हमारी गुणवत्ता और विश्वास की धरोहर को बनाए रखते हुए हमारी निरंतर वृद्धि में योगदान करेगा।

## ट्रम्प का दावा, जॉर्ज सोरोस ने USAID की अनुदान राशि का इस्तेमाल भारत समेत कई देशों को अस्थिर करने के लिए किया




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि हंगेरियन-अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के संगठनों ने अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट से 260 मिलियन डॉलर प्राप्त किए और इस राशि का इस्तेमाल कई देशों में राजनीतिक मामलों को प्रभावित करने और उन्हें अस्थिर करने के लिए किया।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, ट्रम्प ने आरोप लगाया, जॉर्ज सोरोस ने USAID से 260 मिलियन डॉलर प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, ब्रिटेन और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकारें बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया। उनकी टिप्पणियों ने विशेषकर ट्रम्प के प्रशासन द्वारा USAID के बजट को जमा करने के बाद, अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच को बढ़ावा दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले 15 वर्षों में, USAID ने सोरोस से जुड़े संगठनों को 270 मिलियन डॉलर से अधिक की अनुदान राशि दी है। एक ऐसा संगठन, ईस्ट-वेस्ट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन्स के साथ मिलकर काम करता था और USAID से फंडिंग प्राप्त करता था। यह खुलासा अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक आंदोलनों में अमेरिकी सरकार की भूमिका को लेकर चिंता को बढ़ा रहा है।

भारत में, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने लंबे समय से सोरोस पर विपक्षी समूहों का समर्थन करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचकों को फंड करने का आरोप लगाया है। BJP के नेता दावा करते हैं कि सोरोस की पहलों का उद्देश्य भारतीय सरकार को अस्थिर करना और राष्ट्रीय राजनीति में हस्तक्षेप करना है।

## कॉन्क्लेव में जुटेंगे 100 से ज्यादा एफपीओ के किसान सदस्य

### आज भोपाल में एफपीओ कॉन्क्लेव

**भोपाल।** मप्र के 100 से ज्यादा किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ के सदस्य, नवाचारी किसान, एग्री बिजनेस, और स्टार्टअप सोमवार को राजधानी में जुटेंगे। नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागृह में 10 फरवरी को सुबह 11 बजे कृषि क्रांति - एफपीओ कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसका उद्घाटन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह तथा सहकारिता एवं खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारग करेंगे। कॉन्क्लेव का आयोजन भूमिषा ऑर्गेनिक्स, डिक्की एवं सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। राजधानी में पहली बार किसान उत्पादक समूहों इतनी बड़ी संख्या में एक मंच पर आ रहे हैं। भूमिषा ऑर्गेनिक्स की संस्थापक प्रतिभा तिवारी ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), नवाचारी किसानों एवं एग्री बिजनेस क्षेत्र के उद्यमियों को एक मंच पर लाना तथा उन्हें मार्केट से जोड़ने के लिए सहयोग प्रदान करना है। किसानों को एक्सपोर्ट हेतु तैयार करने और मध्यप्रदेश को कृषि उत्पादों का निर्यात हब बनाने की रणनीति बनाई जाएगी।

डिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि इस कॉन्क्लेव के माध्यम से एफपीओ की समस्याओं को समझने और उनके समाधान हेतु प्रयास किए जाएंगे। बैंकिंग, बाजार लिंकेज और तकनीकी उपयोग से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। लघु वनोपज के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार विकसित करने पर फोकस किया जाएगा।

## अमेरिका बेंगलुरु में होने वाले एयर शो में उन्नत विमानों की श्रृंखला प्रदर्शित करेगा



अमेरिका ने एयरो इंडिया 2025 में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करने की योजना बनाई है। अमेरिकी दूतावास ने रविवार को बताया कि अमेरिका बेंगलुरु में होने वाले इस शो में उन्नत विमानों की एक श्रृंखला प्रदर्शित करेगा, जिससे अमेरिका और भारत के बीच मजबूत और बढ़ती रक्षा एवं एयरोस्पेस साझेदारी को मजबूती मिलेगी। दर्शकों को अमेरिकी निर्मित रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जिसमें F-16, F-35, KC-135 Stratotanker, और B-1 बॉम्बर शामिल हैं। दूतावास ने आगे कहा, एयरो इंडिया 2025 में, दो दर्जन से अधिक अमेरिकी प्रदर्शक भारतीय समकक्षों से जुड़ेंगे, नए व्यावसायिक अवसर तलाशेंगे और उड्डयन तथा रक्षा में नवीन समाधान प्रदर्शित करेंगे। इन कंपनियों द्वारा अप्रमाणित हवाई प्रणालियों (UAS), लड़ाकू विमानों, उन्नत एवियोनिक्स, और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में उन्नति दिखाई जाएगी। यह 15वीं बार है जब संयुक्त राज्य अमेरिका एयरो इंडिया 2025 - एशिया के प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा व्यापार शो में भाग लेगा। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका ने अपना B-1 बॉम्बर पहली बार 2021 में एयरो इंडिया शो के लिए भारत में उतारा था। यह बॉम्बर भारत में अपनी पहली उपस्थिति तब दर्ज कर रहा था जब अटकलें थीं कि भारत रूसी Tu-160रू लंबी दूरी के भारी बॉम्बर की ओर देख रहा है, चीन के साथ तनाव और लड़ाकू विमान दस्तों की कमी के कारण। आश्चर्यजनक रूप से, न तो भारत और न ही अमेरिका ने B-1 बॉम्बर को भारतीय वायुसेना में शामिल करने की किसी संभावना की जांच की है, लेकिन फिर भी इस प्लेटफॉर्म को एयरो इंडिया शो में नियमित रूप से प्रदर्शित किया जाता है।



वर्ल्ड बुक फेयर, दिल्ली में 8 फरवरी को मेरी पुस्तक वक्त के सुलगते सवाल का डॉक्टर ज्ञान चतुर्वेदी द्वारा विमोचन।

## हवा में रोमांस घुल रहा है! कलर्स के कलाकारों ने अपने वैलेंटाइन डे प्लान साझा किए

**मुंबई।** कलर्स के 'राम भवन' में गायत्री की भूमिका निभा रही समीक्षा जायसवाल ने कहा, मेरे करीबी लोगों को इस दिन को मनाते हुए और छोटी-छोटी चीजें करके खुशी फैलाते हुए देखने का अनुभव वाकई लाजवाब है। यह प्यार की ताकत का जश्न मनाने का एक और मौका है। मेरे लिए मेरा परिवार और दोस्त ही सब कुछ हैं। वे हमेशा मेरे लिए मौजूद रहे हैं, चाहे कुछ भी हो, मुझसे प्यार करते हैं। तो, यह दिन उनके लिए समर्पित है। वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं, और मैं हर दिन उनसे मिलने वाले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। किसी भी कलाकार के लिए उनके सच्चे वैलेंटाइन उनके फैंस होते हैं, और मेरे लिए, वे परिवार बन गए हैं। राम भवन के दर्शकों ने मुझे गायत्री के रूप में अपनाया है, और मैं वास्तव में उनके प्यार के लिए आभारी हूं! मैं सभी को वैलेंटाइन दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं!

कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जो लोग हमारे लिए वाकई मायने रखते हैं, उनके साथ समय बिताने की खुशी की तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती।

## बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने पहले कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस प्लान हेरिज़ोन केयर' का अनावरण किया

**पुणे, एजेंसी।** भारत के एक प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरर, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने आज 'हेरिज़ोन केयर' की घोषणा की है, यह सोच-समझकर बनाया गया एक समावेशी हेल्थ इंश्योरेंस प्रॉडक्ट है, जो विशेष रूप से महिलाओं की बदलती हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करता है. यह कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी गंभीर बीमारियों, मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य, वेलनेस आदि का ध्यान रखती है, जो महिलाओं को उनके जीवन के सभी चरणों में फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करती है. हेरिज़ोन केयर भारत का पहला हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जो एक ही पॉलिसी में कई विशेष कवर प्रदान करता है, यह महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है. हेरिज़ोन केयर दो कॉम्प्रिहेंसिव कवर प्रदान करता है- विशिष्ट हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक कवर के साथ वीटा शील्ड और क्रैडल केयर। वीटा शील्ड के तहत, क्रिटिकल इलनेस कवर 34 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें सामान्य और महिला-विशिष्ट दोनों तरह की बीमारियां शामिल हैं. इसके अलावा, पॉलिसीधारकों को अधिक सपोर्ट करने के लिए इस कवर को वैकल्पिक एक्सटेंशन के साथ बढ़ाया जा सकता है, जैसे- बच्चे की शिक्षा, जो गंभीर बीमारी के डायग्नोसिस के मामले में एक या अधिक बच्चों की शिक्षा को सुरक्षित करती है. लॉस ऑफ जॉब, जो बीमारी की वज़ह से रोजगार जाने के कारण आने वाली फाइनेंशियल अस्थिरता को कम करता है. इंसीडेंटल एक्सपेंस कवर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, फिज़ियोथेरेपी, घर पर देखभाल, पोस्ट-सर्जिकल इम्प्लांट या रिहैबिलिटेशन काउंसलिंग सहित आवश्यक मेडिकल खर्चों के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है, जिससे आसान रिकवरी की यात्रा सक्षम होती है. वीटा शील्ड में एक संपूर्ण वेलनेस इकोसिस्टम भी शामिल है जो सामाजिक सहायता, आहार और पोषण परामर्श, भावनात्मक वेलनेस प्रोग्राम, टेली-कंसल्टेशन और नियमित निगरानी और बीमारी का पता जल्दी लगाने को बढ़ावा देने वाले प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप सहित शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले संसाधनों तक पहुंच प्रदान करता है. हेरिज़ोन केयर पॉलिसी के तहत क्रैडल केयर कवर यूनीक रिप्रोडक्टिव हेल्थ जर्नी के माध्यम से महिलाओं को सपोर्ट करता है. इसमें सरोगेट केयर, सरोगेसी गर्भावस्था के दौरान सरोगेट माताओं के मेडिकल खर्चों को कवर करना और बच्चे के जन्म के बाद माता की रिकवरी शामिल है, जो पूरे प्रोसेस में कॉम्प्रिहेंसिव केयर सुनिश्चित करता है. इसके अलावा, ओसाइट डोनर कवर ओसाइट पुनर्प्राप्ति से संबंधित जटिलताओं के लिए इनपेशेंट हॉस्पिटलाइज़ेशन के दौरान होने वाले मेडिकल खर्चों के लिए फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करता है.

## भारतीयों के लिए 26 देशों में वीजा-फ्री एंट्री, 58 देशों में ई-वीजा की सुविधा




**नई दिल्ली।** भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक हो गया। भारत सरकार लगातार ऐसे देशों की संख्या बढ़ाने के प्रयास कर रही है, जो भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीजा-मुक्त प्रवेश या अन्य सुविधाएं प्रदान करते हैं। लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय नागरिकों को 26 देशों में वीजा-फ्री एंट्री, 40 देशों में वीजा ऑन अराइवल और 58 देशों में ई-वीजा की सुविधा मिल रही है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि सरकार उन देशों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जो भारतीयों को वीजा-फ्री एंट्री, वीजा ऑन अराइवल और ई-वीजा जैसी सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न निजी संस्थान अपने मानदंडों के आधार पर पासपोर्ट रैंकिंग प्रकाशित करते हैं, लेकिन इसके लिए कोई व्यापक रूप से स्वीकृत मानक प्रणाली नहीं है। हाल ही में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग पांच पायदान गिरकर 85वें स्थान पर आ गई। वर्ष 2006 में भारत 71वें स्थान पर था, जबकि 2024 में 80वें स्थान पर था। यह गिरावट भारतीय यात्रियों के लिए चिंता का विषय है। क्योंकि, कई अन्य देशों के पासपोर्ट धारकों को अधिक देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा मिल रही है।

**भारतीय पासपोर्ट की मौजूदा स्थिति:** 26 देशों में भारतीय नागरिकों को वीजा-फ्री एंट्री की सुविधा है। 40 देशों में वीजा ऑन अराइवल सुविधा प्रदान करते हैं। जबकि, 58 देश भारतीय नागरिकों को ई-वीजा की सुविधा दी जाती है। भारतीय पासपोर्ट धारक 57 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं। जबकि, सिंगापुर पासपोर्ट धारकों को 195 देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश मिलता है। यह अंतर भारतीय पासपोर्ट की वैश्विक स्थिति को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय समय-समय पर उन देशों की सूची अपडेट करता है, जो भारतीयों को वीजा-मुक्त यात्रा या अन्य सुविधाएं प्रदान करते हैं।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दांपत्य सूत्र में बंधे 362 जोड़ों को उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह/निकाह होता है। रीवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों, युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्यान्न, निश्शुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास व हर घर में जल पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा 18 लाख रुपए खर्च किए गए हैं तथा प्रति जोड़े 49 हजार रुपए के मान से लगभग एक करोड़ 75 लाख रुपए बेटियों को दिए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किए जाने में सभी को सहभागी बनना होगा। सभी लोग नियमित स्वास्थ्य की जाँच कराएं। अल्ट्रासाउंड जाँच कराकर माँ व बच्चे सुरक्षित रहें। उन्होंने अपेक्षा की कि एएनएम व आशा कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और सभी मिलकर स्वस्थ रीवा, स्वस्थ मध्यप्रदेश और स्वस्थ देश बनाने में सहभागी बनें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, स्थानीय जन प्रतिनिधि , नवविवाहित जोड़े और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज़ ने मचाया तहलका, रिकॉर्ड प्री-ऑर्डर के साथ ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह!

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी नई फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज़ को भारतीय उपभोक्ताओं से जबरदस्त समर्थन मिला है। इस सीरीज़ के लिए अब तक 4,30,000 से अधिक प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं, जो पिछले साल की गैलेक्सी एस24 सीरीज़ की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक हैं। यह बढ़ती मांग सैमसंग के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास और एडवांस टेक्नोलॉजी के प्रति उनकी रुचि को दर्शाती है।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुलन ने कहा कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन ने स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। गैलेक्सी एआई के साथ ये डिवाइस पहले से कहीं अधिक नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि युवा तकनीक-प्रेमी उपभोक्ताओं के बीच इस सीरीज़ की जबरदस्त मांग देखी गई है, खासकर वे उपभोक्ता जो एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना पसंद करते हैं। इस साल सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ाकर 17,000 आउटलेट तक पहुंचाया है, जिससे छोटे शहरों में भी ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकेंगी।

गैलेक्सी एस25 सीरीज़ की सफलता इस बात को साबित करती है कि उपभोक्ता ऐसे एआई समाधानों को तेजी से अपना रहे हैं, जो उनके रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाते हैं। खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए, गैलेक्सी एस25 सीरीज़ में गूगल का जेमिनी लाइव पहले से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह इस बात का संकेत है कि भारत सैमसंग के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है।

## गुवाहाटी में टाटा मोटर्स की नई वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी - पर्यावरण संरक्षण की ओर बड़ा कदम!

**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारत में वाणिज्यिक वाहनों के निर्माण में अग्रणी टाटा मोटर्स ने आज गुवाहाटी में अपनी नई वाहन स्क्रैपिंग सुविधा की शुरुआत की। इस अत्याधुनिक सुविधा को री.वी.री. रिसाइकिल रिस्पेक्ट नाम दिया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित स्क्रैपिंग प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह केंद्र हर साल 15,000 से अधिक पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सही तरीके से अलग करने और पुनर्नवीनीकरण करने की क्षमता रखता है। इस सुविधा का संचालन टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी एक्जोम प्लेटिनम स्क्रैपर्स द्वारा किया जाएगा। यहाँ सभी ब्रांडों के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को ज़िम्मेदारी से स्क्रैप किया जा सकता है। यह टाटा मोटर्स की देश में ऐसी सातवीं सुविधा है, इससे पहले जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में भी ऐसी सुविधाएं स्थापित की जा चुकी हैं इस फैसिलिटी का उद्घाटन असम सरकार के मंत्री श्री जोगेन मोहन (पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री) और श्री अशोक सिंघल (स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सिंचाई मंत्री) ने किया। इस मौके पर टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के निदेशक डॉ. संजीव नारायण भी उपस्थित थे। उनके साथ असम सरकार, टाटा मोटर्स और एक्जोम ऑटोमोबाइल्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस आयोजन का हिस्सा बने।

उद्घाटन समारोह के दौरान पहाड़ी क्षेत्र विकास, परिवहन, सहयोग, स्वदेशी और जनजातीय आस्था एवं संस्कृति मंत्री श्री जोगेन मोहन ने इस आधुनिक वाहन रिसाइक्लिंग सुविधा को राज्य और समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस फैसिलिटी से लोगों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप किया जा सकेगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण को शुद्ध बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने असम में ऐसी स्मार्ट सुविधाओं की शुरुआत के लिए टाटा मोटर्स का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं सिंचाई मंत्री श्री अशोक सिंघल ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में टाटा मोटर्स की ऋ.ड्ढ.ऋ सुविधा की शुरुआत राज्य को अधिक स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आधुनिक प्रणाली वाहनों के निष्पादन को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी, जिससे असम के लोगों को स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन स्तर का लाभ मिलेगा।

टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ ने इस अवसर पर कहा कि कंपनी ने पूर्वोत्तर भारत की पहली सुविधा गुवाहाटी में शुरू की है, जो वाहनों के जिम्मेदार निपटान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 200 लोगों से अधिक का इलाज



**छिंदवाड़ा।** श्री तारण तरण शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय शिवनगर कॉलोनी में समाजसेवी स्वर्गीय जयचंद जैन की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, पालकों सहित आम नागरिक अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करने पहुंचे थे। शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम ने समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू की प्रमुख उपस्थिति में सेवा भाव का परिचय देते हुए 200 लोगों से अधिक का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस आयोजन में डॉ. पराग नीलकंठ, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन कुडापे, डॉ. सत्यम जैन ने अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील मालवीय सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं संरक्षक नरेंद्र जैन, रमेश पोफली, कोषाध्यक्ष परमानंद, जे. पी. शुक्ला, सजीव जैन, संदीप जैन, स्वप्निल जैन, चंद्रकुमार चंदू जैन, तरुण गोयल आदि की उपस्थिति रही।

## जाम सांवरी गदा पदयात्रा समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन



**अमरवाड़ा।** नगर की गदा पदयात्रा समिति के द्वारा अमरवाड़ा नगर के पुराना बस स्टैंड पर प्रति शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के सूत्रधार आकाश साहू और नयन नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष दिसंबर माह में अमरवाड़ा से जाम सांवरी चमत्कारी हनुमान मंदिर तक विशाल गदा पदयात्रा निकाली जाती है और इसी अवसर पर अभी हाल ही में दिसंबर माह के बाद से प्रति शनिवार विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचकर महाप्रसाद को ग्रहण करते हैं और यह क्रम शनिवार की शाम से प्रारंभ होकर रात तक चलता है वही आयोजक समिति ने कभी लोगों से महाप्रसाद को ग्रहण करने की और भंडारा में सहयोग करने की अपील की है।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन



म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपाध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि रविवार दोपहर 12:30 बजे स्थान जनसेवा सदन भवन शिवनगर कॉलोनी में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें एसोसिएशन के संरक्षक पंडित राम शर्मा एवं नये सदस्य द्वय हरिचरण पटवारी एवं रामेश्वर साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक को बी.एन.विश्वकर्मा ने संबोधित किया और एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी गयी साथ ही आगामी मार्च माह में भोपाल में प्रांतीय स्तर पर एकत्र होकर पेंशनरों की जायज मांगों के लिये धरना ,रैली मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन के लिये जिले के पेंशनरों की सहभागिता सुनिश्चित की गयी जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी मांगों के लिये भोपाल चलने की सहमति दिये एसोसिएशन की वार्षिक सदस्यता शुल्क 120/- रूपये उपस्थित सदस्यों ने रसीद कटवाकर सदस्यता ग्रहण की । आज की बैठक में परवेश कुरैशी ,अशोक कुमार ,एम.टी.हरले ,एस.एल.पवार ,एन.आर.चांदेकर ,एस.के.सोनी ,अब्बास खान,रमेश बुनकर ,जयरंजन राजपूत ,मो.इसराइल ,बी.आर.कुशराम ,जागेश्वर डोमने ,राधेश्याम वर्मा, सैयद असद अली ,सैयद एफाज हुसैन ,शेख मजीद ,सूपचंद एवं सगीर खान आदि पेंशनर्स भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

## डॉ योगेश पाल बेस्ट सीडीएच एक्टिविटी के लिए सम्मानित

**छिंदवाड़ा।** राष्टीय दंत परिषद की वार्षिक बैठक



चेन्नई 7,8,9 फ़रवरी 2025 में आयोजित हुई, जिसमे डॉ योगेश पाल सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु बेस्ट सीडीएच एक्टिविटी के लिये सम्मानित किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव अमरवाड़ा, विधानसभा पहुंचें

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जिला छिंदवाड़ा के यशस्वी शुभांकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के अभिनंदन कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी को अमरवाड़ा और परासिया पहुंचेगे । भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव अमरवाड़ा विधानसभा अंतर्गत बारात घर नगरपालिका के बाजू में अमरवाड़ा एवं दोपहर 3.30 बजे परासिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिसर बस स्टेंड परासिया में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## म.प्र.पेंशनर्स समाज की अनूप राय की अध्यक्षता में सम्पन्न

**परासिया।** पेंशनर्स समाज की बैठक अनूप राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए।कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। 1-पेंशनर्स दिवस समारोह में वरिष्ठ एवं अति वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया जावेगा। क्षेत्र की शैक्षिक एवं स्पोर्ट्स प्रतिभाओं को सम्मानित किया जावेगा।बैठक में डी के मिश्रा,डी एन दुबे,एस एल पाटकर,डी पी खंडेलवाल,जेठूलाल सोनी,डा एस एस ठाकुर,जे एन डेहरिया, तुलसीराम सूर्यवंशी, लेखराम सूर्यवंशी, दिनेश तन्तुवाय, रामसुरेबवन मोर्य,आर के रसेला,एम के जैन, श्रीमती राजकुमारी रसेला, श्रीमती गीता बुनकर, श्रीमती चन्द्रा यादव, श्रीमती सुमरो बाई, श्रीमती बनानी चक्रवर्ती, श्रीमती डाली चक्रवर्ती, श्रीमती गुलाब बती उइके आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 3 कॉलोनी अवैध घोषित होगी कालोनाइजर पर एफ आई आर दर्ज



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम ने और तीन कालोनियों को अवैध घोषित कर दिया है।अब एफआईआर की कार्रवाई इन अवैध कालोनाइजरों के विरुद्ध की जाएगी।जिन स्थानों पर अवैध कालोनी काटी गई थीं वे कबडिया, इमलिया बोहता और कुसमैली में स्थित हैं।सोना पत्ति संजय जैन द्वारा मौजा कबाडिया के खसरा क्र 2/4/2/1/1 का कुल रकबा 0.080 हे0 भूमि पर अवैध रूप से सक्षम अधिकारी से कालोनी विकास की अनुमति प्राप्त किये बगैर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण एवं भूखण्डो का विक्रय किया जा रहा है। अतः प्रस्तुत तथ्यो से सहमत होते हुये मौजा कबाडिया वार्ड क्र.16 के खसरा क्र.2/4/2/1/1 का कुल रकबा 0.080 हे. भूमि पर विकसित की जा रही कालोनी को अनाधिकृत कालोनी घोषित किया जाता है।

अंबिका सूर्यवंशी पिता हनुमत सूर्यवंशी, रामस्रूप उसरेठे पिता रामप्रसाद उसरेठे, कुसुम पति शिवनारायण चौरे निवासी हाल मुकाम कुसमेली द्वारा मौजा द्वारा नगर निगम छिन्दवाडा क्षेत्र के अंतर्गत मौजा कुसमेली के खसरा नं 30/2/1/1/1/1/1/ 1/1/1/1 एवं 30/1/1/2/1/1/1/1/1/1/1 एवं 31/1/1/1/1/ कुल रकवा क्रमशः 0.0710, 0. 0930, 0.0330 हे0 भूमि पर बिना विकास की अनुमति लियें प्रशनाधीन भूमि को भूखण्डो मे उपविभाजित कर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण कर लिया गया है।अंबिका सूर्यवंशी पिता हनुमत सूर्यवंशी, द्वारा मौजा कुसमेली के खसरा क्र. 30/2/1/1/1/1/1/1 पर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण कर 40 भूखण्ड निर्मित किये गये है जिसमे से 10 भूखण्ड कि बिक्री किया जाना प्रमाणित पाया गया है। रामस्रूप उसरेठे पिता रामप्रसाद उसरेठे, निवासी छिन्दवाडा हाल मुकाम कुसमेली द्वारा खसरा क्र 30/1/1/2/1/1/1/ 1/1/1/ पर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण कर भूखण्डो का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है कुसुम पति शिवनारायण चौरे निवासी छिन्दवाडा हाल मुकाम मौजा कुसमेली के खसरा क्र. 31/1/1/1/1/ पर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण कर भूखण्डो का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है नगर पालिक निगम छिन्दवाडा के अंतर्गत मौजा कुसमेली के खसराक्र. 30/2/1/1/1/ 1/1/ 1/1/1/1 एवं 30/1/1/2/1/1/1/1/1/1/1 एवं 31/1/1/1/1/ कुल रकवा क्रमशः 0.0710, 0.0930, 0.0330 हे0 भूमि को अनाधिकृत कालोनी घोषित किया जाता है। नीरज कुमार रघुवंशी पिता बलवान सिंह रघुवंशी द्वारा मौजा इमलिया बोहता के खसरा क्र 136/18/2/1/1/1/1/1/ का कुल रकबा 0.580 हे0 भूमि पर अवैध रूप से सक्षम अधिकारी से कालोनी विकास की अनुमति प्राप्त किये बगैर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण एवं भूखण्डो का विक्रय किया जा रहा है। अतः प्रस्तुत तथ्यो से सहमत होते हुये मौजा इमलिया बोहता खसरा क्र. 136/18/2/1/1/1/1/1/ का कुल रकबा 0.580 हे. भूमि पर विकसित की जा रही कालोनी को अनाधिकृत कालोनी घोषित किया जाता हैं।

## लोकसभा से शुरू जीत की यात्रा अब किसी भी स्थिति में रुकने नहीं देंगे: शेषराव यादव

### भारतीय जनता पार्टी,पार्टी नही परिवार है, चौरई और जुन्नारदेव में जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



**छिंदवाड़ा।** भाजपा के शुभंकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव रविवार को जुन्नादेव विधानसभा एवं चौरई विधानसभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे। जुन्नादेव और चौरई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव का अभूतपूर्व स्वागत किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह उनके द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत हैं और उनका धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह भी भाजपा का एक कार्यकर्ता हैं और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।श्री यादव ने भाजपा को एक परिवार के रूप में वर्णित किया, जहां सभी सदस्य परिवार के विकास में योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया।श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस से आए नए साथियों को पूरे सम्मान के साथ सभी कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत की शुरुआत के बाद, अब उसे किसी भी स्थिति में रुकने नहीं देना चाहिए।इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, नत्थनशाह कवरेती, हरिशंकर उईके, अध्यक्ष भा.वि.प्रा. दिनेश अंगारिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, जिला महामंत्री श्रीमती कांता ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष ठाकुर, प्रियवर सिंह ठाकुर, लखन वर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, विजय पांडे, अजय सक्सेना, बंटी पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर, जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू, अखिलेश शुक्ला, कमलेश उइके, हजारी साहू, जितेन्द्र शाह, जिला मंत्री दर्शन मिगलानी, अतरलाल वर्मा, दानसिंह पटेल, कमलेश वर्मा, ऋषि वर्मा, धर्मेन्द्र मिगलानी, शंटी बेदी, श्रीमती कांता आम्रवंशी, अनुज पाटकर, मोहन पाल, दीपक कोल्हे, संदीप सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मदन राय, विजेन्द्र ठाकुर, धरमसिंह वर्मा, नीरज सिंह ठाकुर, शैलेष चौपड़े, जितेन्द्र शाह, गोपाल कवरेती, राजेश बैस, सोनू पाटील, विवेक चन्द्रवंशी, शिवम साहू, भूषण सूर्यवंशी, नीतेश पटेल, दयाराम इरपाची, श्रीमती सविता भोसम, श्रीमती तुलसा परतेती, श्रीमती किरण खातरकर, रमेश सलोडे, बबुआ कश्यप, श्रीमती सोनिया कुमरे, इन्द्रजीत सिंह बैस सहित बूथ अध्यक्ष एवं समिति व मंडल कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल का विदाई समारोह हुआ संपन्न



**परासिया।** हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल परासिया में फेयरवेल ( विदाई समारोह ) का कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा बारहवीं को दी गई विदाई। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 12 वीं के छात्रों की हुई धमाकेदार एंट्री, गेम्स, डांस, रैम वाक, क्विज क्वेश्चन एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। इस विदाई समारोह के कार्यक्रम में भावुक हो उठे कक्षा बारहवीं के छात्र - छात्राएं वहीं कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में पधारे विद्यालय के संचालक आदरणीय अरविंदर सिंह खंडूजा ( रिंपी खंडूजा ) बॉबी खंडूजा , विद्यालय के प्राचार्य गोविंद गोस्वामी ,उप प्राचार्य सरीता वार्ड मेम, एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रह। विदाई समारोह का पूरा कार्यक्रम कक्षा ग्यारहवीं की क्लास टीचर नजमा खान मैडम के नेतृत्व में पूर्ण हुआ द्य फेयरवेल 2025 में मिस्टर फेयरवेल बना मयूर थावरे एवं मिस फेयरवेल बनी निहारिका राय , साथ ही स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर मैं प्रियांशी पवार एवं आयुष अग्रवाल का नाम आया वही मिस्टर हैंडसम , मिस ब्यूटी स्टूडेंट और पापुलर स्टूडेंट भी चुने गए द्यजब बच्चों की विदाई होने लगी तो बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक भी रो पड़े द्य पूरा माहौल हुआ गमगीन। अंत में विद्यालय के प्राचार्य गोविंद गोस्वामी ने बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देकर , अपने लक्ष्य प्राप्ति का आशीर्वाद दिया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## स्ट्रेस, टाइम मैनेजमेंट एवं परीक्षा की तैयारी को लेकर हुआ कैरियर मार्गदर्शन



**सौसर।** जी एच रायसोनी विश्वविद्यालय साईखेड़ा के तत्वाधान में नगर के नवनीत मंगल कार्यालय मे स्ट्रेस एवं टाइम मैनेजमेंट पर कैरियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन कर आगामी होने वाले परीक्षा की तैयारी हेतु टिप्स दी गई. परीक्षा समय में समय का सदुपयोग कर स्ट्रेस को कैसे दूर किया जा सकता है और परीक्षा की तैयारी कैसे करें के गुर विद्यार्थियों को सीखने के लिए मिले. उपरोक्त कैरियर मार्गदर्शन के कार्यक्रम में मार्गदर्शक श्री आलोक जोशी सर ने विद्यार्थियों को बहुत सारी टिप्स दी और बताया कि किस प्रकार की विद्यार्थी कौन से कोर्सेज कर सकते हैं जानकारी प्रदान की. उपरोक्त आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर श्री भास्कर गावंडे सर, शासकीय प्रभावती मानेकर हायर सेकेंडरी स्कूल से गुरव सर, उमरानाला आईटीआई से अंकित सर जी एच रायसोनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सम्यक राज, विश्वविद्यालय के डिन एडमिशन अधीर गोयल, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से डॉ चेतन बोंदरे, रिजनल मैनेजर भरत भार्गव, वरिष्ठ शैक्षणिक मार्गदर्शक मनमोहन गिरे सौसर, देवीलाल पवार, सुखदेव कोजावले आदि उपस्थित थे.

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त का वितरण

छिन्दवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 10 फरवरी को देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त की राशि का वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष में कुल 6000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा, एसडीएम छिंदवाड़ा, उप संचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा को जिले के विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किये जाने, जिला/ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण करने, जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था करने, जिले के सभी हितग्राही बेवकास्ट लिंक के माध्यम से जुडकर कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिये लिंक का व्यापक प्रचार-प्रसार व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं ।

## अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी की भागवत कथा 22 से 29 तक दशहरा मैदान में होगी



**छिंदवाड़ा।** अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य श्री मृदुलकृष्ण गोस्वामी महाराज वृन्दावन की भागवत कथा पोला ग्राऊंड में 22 से 29 फरवरी तक होगी, भागवत कथा आयोजन राजेश श्रीमती मेघा साहू द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख यजमान रघुवीर श्रीमती दुर्गा साहू एवं यजमान मुकेश श्रीमती पूनम साहू व कमलेश श्रीमती प्रीति साहू होंगे। भागवत कथा पोलाग्राऊंड दशहरा मैदान में 2 बजे से 6 बजे तक होगी। मुख्य अयोजक राजेश साहू ने बताया कि 22 फरवरी को 11 बजे षष्ठी माता मंदिर से दशहरा मैदान तक कलश यात्रा निकाली जावेगी। कथा वाचक मृदुलजी द्वारा 22 को श्रीमद्भागवत महात्मय, मंगलचरण, 23 को को नारद व्यास संवाद, पाडव चरित्र, शुकदेव आगमन, 24 को कपील देवादूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 25 को वामन अवतार, श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 26 को श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, श्री गिरिराज पूसन, (छप्पन भोग)27 को महारास कथा, श्री रूकमणी विवाह महोत्सव, 28 को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं हवन पूर्णाहूति एवं भंडारा होगा। रघुवीर राजेश साहू ने नगरवासियों से अपील की है कि वे भागवत कथा में जरूर आयें।

## लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होंगे 1553 करोड़ रुपए

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी।

### जय भीम सेना की बैठक...

## सामाजिक एवं किसानों के मुद्दे, जातिगत गणना, माचागोरा डेम का पानी जिले भर में पहुँचाएं जाने मांग




**छिन्दवाड़ा।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन की बैठक कार्यालय राजीव गांधी बस स्टेण्ड शॉप नंबर 15 में संगठन के जिलाध्यक्ष शिवम पहाड़े की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 फरवरी को संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती ( प्रकाश पर्व ) पर जिले में संगठन के सभी लोगों को जहाँ-जहाँ भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा उपस्थित होने की अपील की गई । साथ ही 13 फरवरी को ओ.बी.सी. महासभा सामाजिक संगठन के साथ दोपहर 2 बजे जिले के विभिन्न सामाजिक एवं किसानों के मुद्दे, जातिगत गणना, माचागोरा डेम का पानी बिछुआ, अमरवाड़ा सहित जिले भरी में पहुँचाये जाने, डूब क्षेत्र के किसानां को विशेष पैकेज आवंटित किये जाने आदि मांगो को लेकर देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। अतः संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवम पहाड़े, मदन बरखाने, विजय डेहरिया, सागर परतेती, पारस वंशकार, किशोर पवार, दुर्गा मण्डराह, राम कुमार बिंझाड़े, राजा गुन्हेरे, पप्पू गोनेकर, बबलू कनोजे, मुकेश सोनकर, राजेश ठाकरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## ट्रक और बोलेरो की भीषण टक्कर

### पटवारी यज्ञभान उईके की मौत, पत्नी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल में भर्ती



**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत बर्दिया में ट्रक और बोलेरो की भीषण टक्कर से एक व्यक्ति की मौत और दो गंभीर रूप से घायल है जानकारी के अनुसार घटना शनिवार की रात्रि 9ः00 बजे की है जहां अमरवाड़ा अनुविभाग के अंतर्गत ग्राम तेंदनी के पटवारी यज्ञभान उईके उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नी सविता उईके और रिश्तेदार निलेश उईक के साथ बोलेरो वाहन से छिंदवाड़ा से सुरलाखापा जा रहे थे तभी सामने से आ रहे कंटेनर क्रमांक। ॥क्र55ञ्ञ 7096 जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे पटवारी यज्ञभान उईके मौके पर मौत हो गई और वही उनकी पत्नी सविता उईके और रिश्तेदार निलेश गंभीर रूप से घायल है जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अमरवाड़ा अनु विभाग की अधिकारी हेमकरण धुर्वे सहित अनु विभाग के पटवारी अमरवाड़ा हॉस्पिटल पहुंच गए जिन्होंने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया और अमरवाड़ा पुलिस ने मृतक पटवारी के शव को अमरवाड़ा हॉस्पिटल शव की मदद से लाया और ट्रक और बोलेरो को थाना परिसर में लाकर खड़ा कराया गया आगे मामले की जांच की जा रही है

### जैन समाज ने निकाली श्री जिनेन्द्र रथयात्रा...

## श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय का मनाया 31 वां वार्षिक महोत्सव



**छिंदवाड़ा।** नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय एवं स्वाध्याय भवन का दो दिवसीय 31 वां मंगलकारी वार्षिक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रविवार के शुभ दिन बाल ब्रह्मचारिणी बहनों के मंगल सानिध्य में सकल जैन समाज, श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवकों ने श्री आदिनाथ जिनालय में जिनेन्द्र पूजन एवं आदिनाथ पंचकल्याणक विधान कर 1994 में हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की यादें ताजा कर दी मंगलगान के साथ खुशियां मनाकर वीतराग देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों का गुण किया ओर भक्ति भाव पूर्वक श्री जिनेन्द्र रथयात्रा में हिस्सा लिया। जिसका शुभारंभ आदिनाथ जिनालय से हुआ जिसमें रजत विमान में श्रीजी की विराजमान करने का सौभाग्य सुनील कुमार अभिनीत सिंघई परिवार को एवं चंबर डोरने का सौभाग्य जिनशासन सेवक सिंगोड़ी जिनवाणी तत्वरसिक जैन समाज को प्राप्त हुआ। मंगलगान के साथ श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा ने नगर के मुख्य मार्गो का भ्रमण किया जहां सकल जैन समाज द्वारा आत्मीय अभिनंदन कर श्रीजी मंगल आरती सहित चंबर नृत्यकर श्रावक - श्राविकाओं ने जिनशासन की मंगल प्रभावना की। चल समारोह की पूर्णता आदिनाथ जिनालय में हुई जहां श्रीजी का मंगल अभिषेक कर शांति पाठ के साथ विश्व शांति की मंगल कामना करते हुए प्रतिक्रमण पाठ किया गया और शौभायात्रा के दौरान जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमापना किया गया पश्चात सकल समाज ने वीतराग भवन में साधर्मी वात्सल्य का लाभ लिया। विगत दिनों संस्कारधानी जबलपुर पंचकल्याणक महोत्सव में सिंगोड़ी मंडल द्वारा सुंदर एवं मनोहारी जिनबिंब की प्रतिष्ठा कराई गई जिनमें प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की 31 इंच की संगमरमर की श्वेत प्रतिमा एवं 24 वें तीर्थंकर महावीर भगवान की 9 इंच की अष्टधातु की प्रतिमा प्रतिष्ठित कराई गई जिन्हें विधि विधान पूर्वक श्री आदिनाथ जिनालय में विराजमान किया गया भविष्य में शुभ मुहूर्त देखकर सिंगोड़ी के श्री पार्श्वनाथ जिनालय में महोत्सव पूर्वक विराजमान की जावेगी। दो दिवसीय 31 वें वार्षिक महोत्सव को सफल बनाने में मंडल, फेडरेशन, महिला मंडल सहित जिनशासन सेवक अशोक वैभव, प्रमोद पाटनी, प्रकाश अहिंसा, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, संजय कौशल, वर्धमान जैन, सचिन जैन, डॉ. विवेक जैन, आशीष कौशल, विशाल जैन, आदेश जैन, सिद्धांत जैन, समकित जैन, अंकेश जैन सहित समस्त जिनशासन सेवकों सहित समाचार की जन जन तक पहुंचाने में सम्मानीय मीडिया एवं शौभायात्रा सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग का सहयोग प्राप्त हुआ ।

## महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अजय रामदास महाराज का प्रथम बार जिले में आगमन

### स्वागत हेतु चौरई नगर सहित जगह जगह चल रही भव्य तैयारी..



**छिंदवाड़ा** - प्रयागराज महाकुम्भ में दिगंबर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनने के पश्चात, हमारे जिले के ही मूल निवासी युवा संत स्वामी श्री अजय रामदास जी महाराज के, प्रथम बार गृहक्षेत्र में आगमन की सूचना से, समूचे जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई है । सामाजिक समरसता के प्रतीक महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अजय रामदास महाराज जी के भक्तगण एवं नागरिक बंधु, अपने-अपने तरीकों से महाराज श्री का स्वागत सम्मान करना चाहते है। ज्ञात हो कि चौरई नगर में आगामी 11 फरवरी को महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अजय रामदास महाराज जी का आगमन हो रहा है। महाराज जी प्रयाग से आगामी 10 तारीख को प्रातः प्रस्थान करेंगे एवं रास्ते में रीवा, सतना, मैहर ( शारदा माई का पूजन, ) कटनी में उनके भक्तजनों द्वारा स्वागत उपरांत कटनी नगर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। वे दिनांक 11 फरवरी तारीख को प्रातः कटनी से प्रस्थान करेंगे, जहां रास्ते में जबलपुर एवं सिवनी में भी उनके आगमन पर स्वागत की तैयारियों की जा रही है। वे दोपहर 1 बजे जिले की सीमा में समसवाडा ग्राम पहुंचेंगे। चौरई नगर एवं आसपास के लगभग 25 स्थानों पर, स्थानीय नागरिकों एवं भक्तों द्वारा महाराज जी का भव्य स्वागत की तैयारी की गई है । 11 फरवरी को 1 बजे से समसवाडा से प्रारंभ होने वाली शोभायात्रा में, महाराज जी रथ में नगर भ्रमण करेंगे, बंजारी माता मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे, उनका जगह-जगह सम्मान किया जाएगा एवं वे सभी से भेंट मिलाप करेंगे। यात्रा का समापन बायपास मार्ग स्थित अन्नपूर्णा लॉन में भोजन प्रसाद के साथ होगा । कार्यक्रम के पश्चात महाराज श्री अपने घोघरी (कुंडा) स्थित आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर चौरई नगर के महाराज श्री के भक्तों एवं महाराज जी के संरक्षण में कार्य कर रहे श्रीराम संकल्प सेवा संगठन ने चौरई नगर, आसपास एवं जिले के धर्मप्रेमी बंधुओं, आत्मीय जनों, माताओं बहनों , युवाओं, वरिष्ठ जनों से अनुरोध किया है, कि उपरोक्त कार्यक्रम में पहुंचकर चौरई एवं संपूर्ण जिले को गौरवान्वित करने वाले, पूज्य महामंडलेश्वर जी का भव्य स्वागत करें, एवं उनका आत्मीय सानिध्य प्राप्त करें।



कैरियर कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन






आज नरेला विधानसभा अंतर्गत अन्ना नगर में प्रयागराज महाकुंभ से पवित्र गंगा जल के आगमन पर विधि-विधान के साथ पूजन आरती कर स्वागत किया।





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने सोमवार को पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मैहर में प्रयागराज महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को चाय-नास्ते की व्यवस्था कर सेवा की। इस दौरान श्री हितानंद जी ने कार्यकर्ताओं का श्रद्धालुओं की सेवा के लिए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री कमलेश सुहाने, विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी एवं मण्डल अध्यक्ष श्री विकास तिवारी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गलत ट्रैक पर दौड़ गई डबल डेकर मालगाड़ी, खंडवा में टला बड़ा रेल हादसा

**खंडवा।** मध्य रेलवे के सीमावर्ती खंडवा स्टेशन तक डबल डेकर मालगाड़ी रुट परिवर्तन के कारण पहुंच गई। यहां यार्ड पर ओएचई की ऊंचाई डबल डेकर के हिसाब से कम होने से ट्रेन को आउट पर रोक दिया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया।

बताया जा रहा है कि मामले की संयुक्त जांच के आदेश सेंट्रल रेलवे ने जारी किए हैं। सोमवार 10ः30 बजे से ही मंडल स्तर पर भुसावल में समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। डीआरएम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा की जा रही है।






मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उज्जैन जनपद पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती भंवरबाई दुले सिंह जी चौधरी के पद ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए।





आज वार्ड 51A - सेक्टर शाहपुरा में लगभग 25 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड, पेविंग ब्लाक, कॉमिन्यूटी हाल के विकाश कार्यों का भूमिपूजन किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एवम एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी एवं रहवासी गण उपस्थित रहे

## मप्र में दो रातों से पारा 5डिग्री से नीचेः ग्वालियर-शहडोल संभाग में ज्यादा सर्दी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछली 2 रातों से पारा 5 डिग्री से नीचे है। शहडोल और ग्वालियर संभाग के जिलों में ज्यादा सर्दी है। बीती रात यहां के दो शहर- कल्याणपुर में तापमान 4.6 डिग्री और आंवरी में 4.8 डिग्री रहा। भोपाल, जबलपुर में भी सर्दी का असर रहा, लेकिन रविवार दिन में गर्मी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 दिन तक सर्दी से राहत मिलेगी। दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, इससे पहले रविवार को सूरज के तेवर तीखे रहे। भोपाल में सुबह से ही तेज धूप खिली रही। इस कारण लोगों को परेशानी हुई। हालांकि, हवा चलने से थोड़ी राहत मिली। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी मौसम साफ रहा और धूप खिली रही।

